हरिभूमि
# सिरसा-फतेहाबाद भूमि
रोहतक, सोमवार 5 जनवरी 2026

11 ठुइयां में ऑल इंडिया महिला जूनियर खो-खो स्पर्धा आयोजित



12 रतिया व कमाना में प्रकाश पर्व पर संगत ने निकाला नगर कीर्तन



## खबर संक्षेप

### पोक्सो एक्ट के मामले में नाबालिग आरोपी काबू

**फतेहाबाद।** पोक्सो एक्ट से संबंधित मामलों में कार्रवाई करते हुए थाना शहर रतिया पुलिस ने एक नाबालिग आरोपी को काबू किया है। थाना प्रभारी पुष्पा सिहाग ने बताया कि शिकायतकर्ता द्वारा थाना में उपस्थित होकर अपनी नाबालिग बेटी की गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज करवाई गई थी। शिकायत के आधार पर पुलिस द्वारा तुरंत मामला दर्ज कर जांच प्रारंभ की गई। पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए गुमशुदा नाबालिग लडक्की को सकुशल बरामद किया तथा माननीय न्यायालय में उसके धारा 183 बी.एन.एस.एस. के तहत बयान दर्ज करवाए।

### अवैध तेल परिवहन का पर्दाफाश, पिकअप पकड़ी

**फतेहाबाद।** थाना भूना पुलिस ने उकलाना रोड पर संदिग्ध पिकअप गाड़ी में अवैध रूप से तेल भरे जाने का मामला उजागर किया है। थाना भूना के प्रभारी उप-निरीक्षक औमप्रकाश ने बताया कि एसआई औमप्रकाश, एएसआई अजीत सिंह और टीम को सूचना मिली कि पिकअप महिंद्रा गाड़ी एक दुकान के पीछे संदिग्ध स्थिति में खड़ी है। मौके पर पहुंचकर जांच की गई, जिसमें 11 प्लास्टिक ड्रम और 4 कैनी तेल पदार्थ से भरे हुए पाए गए। खाद्य एवं उपभोक्ता मामले के निरीक्षक आशीष कुमार भी मौके पर पहुंचे और तेल के 15 नमूने तैयार कर पुलिस की मोहर के साथ कब्जा लिया।

### दहेज प्रताड़ना के मामले में आरोपी पति गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** भट्टूकलां पुलिस ने दहेज प्रताडऩा, मारपीट और धमकी के मामले में कार्रवाई करते हुए आरोपी पति को गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी उप-निरीक्षक राधेश्याम ने बताया कि पीड़िता ने शिकायत दर्ज कराई थी कि शादी के बाद में उसके पति व परिवारजन द्वारा दहेज की मांग, मारपीट, अमानत में ख्यानत, छेड़छाड़ और जान से मारने की धमकी जैसी गंभीर घटनाएं हुई। इस पर थाना में नियमानुसार मामला दर्ज कर त्वरित कार्यवाही करते हुए आरोपी विपिन पुत्र सुरेन्द्र निवासी वार्ड न. 14 नरवाना जीन्द को गिरफ्तार किया गया है।

### नशीली गोलियां बेचने के मामले में आरोपी काबू

**फतेहाबाद।** मेडिकल नशे की तस्करी करने वालों की धरपकड़ करते हुए थाना शहर फतेहाबाद पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए युवक की पहचान मोहनलाल पुत्र इन्द्रजीत निवासी बीमा कालोनी, बीघड रोड फतेहाबाद के रूप में हुई है। इससे पहले इसी मामले में तीन आरोपियों को पहले ही काबू किया जा चुका है। थाना शहर फतेहाबाद प्रभारी निरीक्षक सुरेंद्रा ने बताया कि नशीले पदार्थों की तस्करी पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से एएनसी सेल की टीम द्वारा हांसपुर रोड बाईपास पुल, फतेहाबाद क्षेत्र में सघन निगरानी की जा रही थी।

## लोगों के फीडबैक से जिले को मिलेगा रैंक और बजट

# स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 लॉन्च, राष्ट्रीय स्तर की टीम शहरवासियों से लेगी फीडबैक

सुरेन्द्र असीजा ⏭ फतेहाबाद

12500 अंकों का होगा स्वच्छता सर्वेक्षण

केंद्र सरकार ने स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 को आधिकारिक रूप से लॉन्च कर दिया है। इस बार स्वच्छता सर्वेक्षण में खुले में शौच की समस्या पर पूरी तरह रोक लगाने और आमजन की भागीदारी को सबसे अहम माना गया है। खास बात यह है कि इस बार नागरिकों के फीडबैक का महत्व पहले से कहीं अधिक बढ़ा दिया गया है। यदि सर्वेक्षण टीम के निरीक्षण के दौरान आमजन का फीडबैक संतोषजनक नहीं रहा, तो नगर परिषद अधिकारियों के लिए मुश्किलें खड़ी हो सकती हैं। उनकी रैंकिंग गिरेगी और उसी आधार पर बजट दिया जाएगा। आवास एवं शहरी कार्य मंत्रालय द्वारा शुरू किए गए इस 10वें स्वच्छता सर्वेक्षण की थीम स्वच्छता की नई पहल के लिए मेरा शहर मेरी जिम्मेदारी सफाई हर नागरिक की भागीदारी नामक थीम रखी गई है। सर्वेक्षण कुल 12,500 अंकों का होगा। इसमें 10 प्रमुख सेक्शन, 54 इंडिकेटर और 166 सब-इंडिकेटर शामिल किए गए हैं।



फतेहाबाद। शहर में लगा कूड़े का ढेर। फोटो: हरिभूमि

### प्रोटोकॉल किए लागू, टीम रखेगी निगरानी

स्वच्छता सर्वेक्षण को पारदर्शी और सख्त बनाने के लिए इस बार कड़े प्रोटोकॉल लागू किए गए हैं। राष्ट्रीय स्तर पर एक निगरानी टीम पूरी प्रक्रिया पर नजर रखेगी। साथ ही, पहली बार हर राज्य और केंद्र शासित प्रदेश के लिए एक समर्पित संपर्क अधिकारी नियुक्त किया गया है। देशभर में 3,000 से अधिक प्रशिक्षित मूल्यांकनकर्ता 45 दिनों तक ग्राउंड सर्वे करेंगे। पूरी प्रक्रिया डिजिटल होगी, जिसमें साक्ष्य प्रस्तुत करने से लेकर सत्यापन तक सब कुछ ऑनलाइन किया जाएगा।

### फोन कॉल व स्वच्छ सीटी एप के जरिए भी लिया जाएगा जनता का फीडबैक

इस बार स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 के सिटीजन फीडबैक और शिकायत निवारण के लिए 1,000 अंक निर्धारित किए गए हैं, जो पिछले वर्ष केवल 500 थे। सर्वेक्षण के पहले दो चरणों में फोन कॉल व स्वच्छ सीटी एप के माध्यम से नागरिकों से फीडबैक लिया जाएगा। तीसरे चरण में डेस्कटॉप असेसमेंट होगा।

### सर्वेक्षण में किस कार्य पर मिलेंगे कितने अंक

| कार्य | अंक |
|---|---|
| दृश्य स्वच्छता | 1500 |
| कचरे का पृथक्करण, संग्रहण, परिवहन | 1000 |
| ठोस अपशिष्ट प्रबंधन | 1500 |
| स्वच्छता तक पहुंच | 1500 |
| प्रयुक्त जल प्रबंधन | 1000 |
| गाद निकालने की सेवाओं का मशीनीकरण | 500 |
| स्वच्छता के लिए वकालत | 1500 |
| पारिस्थितिकी तंत्र सुदृढीकरण और संस्थागत मापदंड | 1000 |
| सफाई कर्मचारियों का समग्र कल्याण | 500 |
| नागरिकों की प्रतिक्रिया व शिकायत निवारण | 1000 |
| कुल | 10500 |

### शहर में सफाई को लेकर चलाया जा रहा अभियान

स्वच्छता अभियान फतेहाबाद के इंचार्ज कुमार सौरभ ने बताया कि शहर में डोर टू डोर कचरा उठाया जा रहा है। कचरा उठाने वाले एजेंसी घर से उठाए गए कचरे को सूखा और गीला अलग-अलग करती है। यानि कि प्रत्येक घर से उठाया जाने वाले कूड़े के लिए गाड़ी में दो पार्टिशन किए गए हैं। बाद में डम्पिंग प्वाइंट पर भी सूखे-गीले कचरे को अलग-अलग किया जाता है।

### स्टार रैंकिंग से चूक गया था फतेहाबाद

पिछले साल तक फतेहाबाद जिला वॉटर प्लस रैंकिंग पर था। सर्वेक्षण में चौथे स्थान पर रहा। सर्वेक्षण में पहले तीन स्थान करनाल, पानीपत व सोनीपत रहे। सर्वेक्षण में सफाई, कचरा उठाना, गीला-सूखा कचरे को अलग करना, सीवरेज सिस्टम के अलावा लोगों की प्रतिक्रिया पर भी अंक दिए जाते हैं। फतेहाबाद जिला ने प्रदेश में स्टार रैंकिंग के लिए अप्लाई किया था लेकिन नंबर नहीं लग पाया। इससे पूर्व राज्य राष्ट्रीय स्तर पर शहर की सुंदरता रेंकिंग में बढ़ोतरी हुई है, वहीं ओडीएफ प्लस प्लस रहा है, जिसमें शहर को शौच मुक्त घोषित किया है, जो जिले के लिए एक उपलब्धि रहा है।

## नुहियांवाली जल घर में अव्यवस्थाएं नहीं मिल रहा पर्याप्त पेयजल



- वाटर टैंक लीकेज, अधिकारियों पर अनदेखी का आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ ओढां

गांव नुहियांवाली का जलघर लंबे समय से अव्यवस्थाओं का शिकार है। सर्दी के मौसम में भी ग्रामीणों को पर्याप्त मात्रा में पेयजल उपलब्ध नहीं हो पा रहा, जिससे लोगों में जन स्वास्थ्य विभाग के प्रति रोष बढ़ता जा रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि विभागीय अधिकारी लंबे समय से केवल आश्वासन दे रहे हैं, लेकिन समस्या के स्थायी समाधान की दिशा में कोई ठोस कार्रवाई नहीं की जा रही। ग्रामीणों ने बताया कि जल घर में बने तीन बड़े वाटर टैंकों में से दो टैंक लीकेज हैं। एक टैंक की स्थिति यह है कि उसमें पानी भरा तो जाता है, लेकिन बिना उपयोग के ही वह स्वतः खाली हो जाता है। दूसरे टैंक की हालत भी कुछ ऐसी ही है। टैंकों की खराब स्थिति के कारण नहरी बंदी के दौरान भी गांव में पर्याप्त पानी की आपूर्ति नहीं हो पाती, जिससे ग्रामीणों को पेयजल किल्लत का सामना करना पड़ता है। इसके अलावा जल घर में बने क्लीयर टैंक और रॉ वाटर टैंक भी लीकेज हैं, जिससे पानी चैंबर में रिसता रहता है। ऐसे हालात में मोटर चलाते समय कर्मचारियों के साथ किसी भी प्रकार की दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। ग्रामीणों का कहना है कि वे काफी समय से अधिकारियों को इस समस्या से अवगत करवा रहे हैं, लेकिन हर बार उन्हें केवल एस्टीमेट भेजने का आश्वासन ही मिलता है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द समाधान नहीं हुआ तो वे जल घर पर धरना-प्रदर्शन करेंगे।

### लंबे समय से लीकेज

ग्राम सरपंच सुनीता देवी ने बताया कि गांव के जल घर में कई समस्याएं हैं और टैंक लंबे समय से लीकेज हैं। विभाग को कई बार अवगत करवाया जा चुका है, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। पंचायत के पास केवल टैंकर की व्यवस्था है, जिससे सीमित राहत ही दी जा सकती है।

### करीब ढाई करोड़ रुपये का एस्टीमेट बनाया

जन स्वास्थ्य विभाग के एसडीओ रायसिंह सिद्धू ने बताया कि जल घर की समस्याओं को लेकर विभाग को पूरी जानकारी है। करीब ढाई करोड़ रुपए का एस्टीमेट बनाकर उच्चाधिकारियों को भेजा गया है, जिसमें पुराने टैंक की जगह नया बड़ा टैंक बनाना, पंप चैंबर निर्माण, मशीनों की रिपेयरिंग, नई पाइपलाइन बिछाना और एक टैंक की मरम्मत सहित अन्य कार्य शामिल हैं। एस्टीमेट मंजूर होते ही प्राथमिकता के आधार पर कार्य शुरू कर दिया जाएगा।

## कनाडा भेजने के नाम पर 9.90 लाख ठगे

- रिचमोंड कंसलटेंट मोहाली के डायरेक्टर सहित तीन पर केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

पति-पत्नी को वर्क वीजा पर कनाडा भेजने के नाम पर मोहाली के तीन लोगों ने उनसे 9.90 लाख रुपये हड़प लिए। पैसे लेने के बाद भी जब दम्पति को विदेश नहीं भेजा गया तो दम्पति को अपने साथ हुए फ्रॉड का पता चला और उसने इस बारे फतेहाबाद पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई। इस मामले में सदर फतेहाबाद पुलिस ने रिचमोंड एजुकेशन कंसलटेंट, मोहाली के डायेक्टर करणदीप के अलावा दो कर्मचारियों कमलदीप कौर व अमनदीप सिंह के खिलाफ केस दर्ज किया है। पुलिस को दी शिकायत में गांव मोहम्मदपुर राही निवासी कुलदीप ने कहा है कि वह अपनी पत्नी पूजा के साथ कनाडा जाना चाहता था। उसने सोशल मीडिया पर रिचमोंड एजुकेशन कंसलटेंट, मोहाली की एक वीडियो देखी, जिसमें विदेश भेजने के बारे में बताया गया था। इस पर उसने वीडियो में दिए गए मोबाइल नंबर पर सम्पर्क किया तो उसकी बात कमलदीप कौर, इम्पलोई रिचमोंड कंसलटेंट के साथ हुई। वह रिचमोंड के डायरेक्टर करणदीप सिंह के कार्यालय में जाकर मिला। वहां कमलदीप ने उसकी मुलाकात करणदीप व अन्य इम्पलोई अमनदीप सिंह से करवाई।

### पुलिस ने मामले की जांच शुरू की

कुलदीप ने बताया कि इसके बाद इन लोगों ने उसे व उसकी पत्नी दोनों के वीजा के लिए 24 लाख रुपये मांगे। कुलदीप ने आरोप लगाया कि इन लोगों ने विदेश भेजने के नाम पर फर्जी इम्पलोईमेंट कॉन्ट्रैक्टर दिखाकर 9 लाख 90 हजार रुपये हड़प लिए हैं। इस पर उसने इस बारे पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई। अब इस मामले में थाना सदर फतेहाबाद पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## अवैध पिस्तौल, हेरोइन व चूरापोस्त सहित तीन काबू

- अपराधियों पर पुलिस ने कसा शिकंजा, मामला दर्ज कर जांच शुरू की

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरसा

पुलिस ने गांव कंगनपुर क्षेत्र से एक युवक को दो अवैध पिस्तौल सहित गिरफ्तार किया है। सीआईए ऐलनाबाद प्रभारी इंस्पेक्टर धर्मबीर सिंह ने रविवार को बताया कि पुलिस टीम गश्त के दौरान गांव कंगनपुर की तरफ जा रही थी। सामने से एक युवक आता दिखाई दिया जो कि पुलिस टीम को देखकर भागने लगा। पुलिस ने शक के आधार पर उसे दबोच लिया। तलाशी लेने पर उसके कब्जे से 315 बोर व 32 बोर के दो अवैध पिस्तौल बरामद हुए। पुलिस के अनुसार पकड़े गए आरोपी की पहचान रवि सिंह निवासी कंगनपुर के रूप में हुई है। आरोपी के खिलाफ सदर थाना सिरसा में मामला दर्ज कर अवैध हथियारों के इस नेटवर्क की जांच की जा रही है। इसके अलावा एबीवीटी स्टाफ सिरसा पुलिस ने सिरसा के नागरिक अस्पताल क्षेत्र से एक युवक को हेरोइन सहित गिरफ्तार किया। गिरफ्तार किए गए तस्कर की पहचान सिकंदर सिंह निवासी सिरसा के रूप में हुई। तस्कर के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच की जा रही है।



सिरसा। अवैध पिस्तौल सहित पकड़ा गया आरोपी। फोटो: हरिभूमि

### दो किलो चूरापोस्त समेत पकड़ा

एंटी नारकोटिक सेल सिरसा पुलिस टीम ने सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए रोड़ी क्षेत्र से जयपाल सिंह निवासी बांदर पती रोड़ी को दो किलोग्राम चूरापोस्त सहित गिरफ्तार किया है। एंटी नारकोटिक्स सेल सिरसा प्रभारी ने बताया कि पुलिस टीम रोड़ी क्षेत्र में गश्त पर थी। इसी दौरान एक युवक अपने हाथ में प्लास्टिक का थैला लेकर आता दिखाई दिया जो कि पुलिस टीम को देखकर वापस मुड़ गए। पुलिस ने शक के आधार पर उसे दबोच लिया। तलाशी लेने पर उसके कब्जे से दो किलोग्राम चूरापोस्त बरामद हुआ। तस्कर के खिलाफ रोड़ी थाना में अभियोग दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

## नाबालिग के अपहरण का आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कालांवाली

- 17 दिसंबर को कालांवाली क्षेत्र में हुई थी वारदात

पुलिस ने पार्किंग को लेकर हुए विवाद के चलते पिस्तौल के बल पर नाबालिग का अपहरण करने तथा तेजधार हथियार से हमला करने के मामले में संलिप्त आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान जिला सिरसा के रूप में हुई है। कालांवाली थाना प्रभारी सुनील कुमार ने बताया कि पीड़ित नाबालिग ने बयान दिया कि कुछ दिन पहले जब वह रेंचो कैफे कालांवाली पर अपनी स्कूटी पार्क कर रहा था। 17 दिसम्बर को जब वह कालांवाली से चकेरियां की ओर जा रहा था। रंजिशन आरोपी द्वारा अपने साथियों के साथ मिलकर पिस्तौल के बल पर उसका अपहरण कर तेजधार हथियारों से हमला किया।

## नई बिजली लाइन पर ग्रामीणों को एतराज

हरिभूमि न्यूज ⏭ चोपटा

- निगम के अधिकारियों को दी शिकायत
- पहले से चल रही पुरानी लाइन को डबल करने करने की मांग
- मांगें पुरी नहीं होने पर आंदोलन की दी चेतावनी

क्षेत्र के गांव नाथूसरी कलां से माखोसरानी रोड पर बिछाई जा रही नई बिजली लाइन पर गांव नाथूसरी कलां के ग्रामीणों में रोष है। जिसको लेकर ग्रामीणों ने बिजली निगम के नाथूसरी कलां बिजली घर के एसडीओ को ग्रामीणों ने शिकायत दी है। ग्रामीणों ने नई लाइन बिछा कर पहले से चल रही पुरानी लाइन को डबल करने करने की मांग की है। गांव निवासी ग्रामीण सुरेंद्र, राममुर्ति, गुलजारी, रामरतन, राजकुमार, विजय कुमार, नरेंद्र कुमार, जयपाल, सुरेश कुमार व रविंद्र कुमार ने बताया कि बिजली निगम द्वारा गांव नाथूसरी कलां से माखोसरानी रोड पर नई बिजली लाइन बिछाई जा रही है। जो कि सरासर गलत है। क्योंकि पहले ही रोड के साथ दो लाइन 33 केवी व 33 केवी लाइन चल रही है। जिसके कारण हमारी जमीन रूकी हुई है। इसलिए जो नई 33 केवी लाइन उसे पहले चल रही लाइन से जोड़ा जा सकता है। ताकि नए पोल न लगाए जा सके। ग्रामीणों ने कहा कि जो नई लाइन डाली जा रही हैख्‍ उससे सरकारी राशि का दुरप्रयोग किया जा रहा है और विभाग ठेकेदारों से कमीशन वसूल कर रहा है। इसलिए किसानों की मांग पूरी की जाए। अगर मांग जल्द ही पूरी नहीं की गई तो आंदोलन किया जाएगा।

## नहर के पुल की रेलिंग टूटी, हादसे की आशंका

हरिभूमि न्यूज ⏭ डबवाली

- राहगीरों व ग्रामीणों को करना पड़ रहा परेशानी का सामना

उपमंडल के गांव लोहगढ़ के समीप सरहिंद फीडर नहर पर बने पुल की रेलिंग लंबे समय से क्षतिग्रस्त पड़ी है, जिससे राहगीरों व ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। यह मार्ग क्षेत्र का प्रमुख संपर्क मार्ग है, जिस पर प्रतिदिन बड़ी संख्या में वाहन और पैदल राहगीर आवागमन करते हैं। गांव के सरपंच मनदीप, पंच प्रदीप, रमेश कुमार, राजविंदर ढिल्लों व जगदीप सिंह व अन्य ग्रामीणों ने बताया कि पुल की रेलिंग टूटने से सुरक्षा व्यवस्था प्रभावित हो रही है। विशेषकर सर्दियों में धुंध तथा रात्रि के समय कम दृश्यता के कारण यहां दुर्घटनाओं की आशंका और बढ़ जाती है।

## एडवाइजरी : लगातार बढ़ रहे साइबर अपराध से बचाव के लिए सतर्क रहने की जरूरत

ब्लूटूथ हमेशा ऑन रखना हो सकता है खतरनाक साबित

# ब्लूजैकिंग: सिर्फ ब्लूटूथ से साइबर ठग कर सकते हैं आपका खाता खाली : एसपी

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन ने जिले के नागरिकों से अपील की है कि साइबर अपराध लगातार बढ़ रहे हैं और इससे बचाव के लिए हर व्यक्ति को सतर्क रहने की आवश्यकता है। खासतौर पर मोबाइल और बैंकिंग डिवाइस पर सुरक्षा का ध्यान रखना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि हाल ही में साइबर अपराधियों ने ब्लूटूथ का इस्तेमाल कर लोगों के बैंकिंग और व्यक्तिगत डेटा चोरी करने के नए तरीके खोजे हैं। ऐसे में मोबाइल का ब्लूटूथ हमेशा ऑन रखना खतरनाक साबित हो सकता है। एसपी ने बताया कि ब्लूटूथ ऑन होने की स्थिति में साइबर अपराधी आपके फोन को स्कैन कर सकते हैं और अनजान डिवाइस से पेयरिंग रिक्वेस्ट भेज सकते हैं। अपराधी आपके बैंकिंग डिटेल्स, पासवर्ड, कार्ड नंबर और इस प्रकार का अपराध 'ब्लूजैकिंग' के नाम से जाना जाता है।



एसपी सिद्धांत जैन।

### बरतें सावधानियां

एसपी ने आमजन से कहा कि सुरक्षित रहने के लिए कुछ सरल सावधानियां अपनाना बेहद आवश्यक है। उन्होंने विशेष रूप से बताया कि मोबाइल का ब्लूटूथ केवल तभी ऑन रखें जब वास्तव में जरूरत हो। अनजान या अपरिचित डिवाइस से कभी भी पेयरिंग न करें और ब्लूटूथ को हमेशा नॉन-डिस्कवरेबल मोड में रखें, ताकि कोई भी आपके फोन को आसानी से ढूँढ न सके।

### सुरक्षा को गंभीरता से लें, लापरवाही न करें

साइबर अपराध से बचाव के लिए एसपी ने यह भी निर्देश दिए कि यदि कोई संदिग्ध या अनजान डिवाइस पेयर करने की कोशिश करे, तो तुरंत उसे अस्वीकार कर दें और संबंधित पुलिस थाना को सूचित करें। उन्होंने कहा कि अपने मोबाइल और बैंकिंग डाटा की सुरक्षा केवल पुलिस की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि यह हर नागरिक की अपनी जिम्मेदारी है। सतर्कता, जागरूकता और तकनीकी सावधानी से ही हम इस तरह के अपराधों से बच सकते हैं। इस एडवाइजरी का उद्देश्य आम नागरिकों को ब्लूटूथ और मोबाइल आधारित साइबर अपराधों से बचाना है। पुलिस विभाग लगातार ऐसी साइबर गतिविधियों पर नजर रखे हुए है और जरूरत पडऩे पर कठोर कार्रवाई करने के लिए तैयार है। नागरिकों से अनुरोध है कि वे अपनी सुरक्षा को गंभीरता से लें और किसी भी प्रकार की लापरवाही न करें।



टोहाना। बुलेट मोटरसाइकिल का चालान करते हुए ट्रैफिक पुलिस। फोटो: हरिभूमि

## बुलेट का 10500 का चालान काटा

**टोहाना।** शहर में ट्रैफिक पुलिस द्वारा यातायात के नियमों की अवहेलना करने वालों के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है। ट्रैफिक पुलिस द्वारा इंचार्ज अजमेर सिंह के नेतृत्व में बुलेट मोटरसाइकिल चालक द्वारा पटाखे वाला साइलेंसर होने के चलते 10500 का चालान किया और आगामी कार्रवाई की गई है। इस दौरान पुलिस द्वारा लोगों को गलत दिशा में वाहन न चलाने, धुंध में फॉग लाइट का प्रयोग करने, सफेद पट्टी की पालना करने बारे जागरूक किया। ट्रैफिक पुलिस इंचार्ज अजमेर सिंह ने बताया कि उच्च अधिकारियों के निर्देशानुसार ट्रैफिक नियमों की अवहेलना करने वालों के खिलाफ कार्रवाई लगातार जारी है। उन्होंने कहा कि वाहन चालक नियमों की पालना करते हुए सफेद पट्टी की साइड में वाहन चलाएं। पटाखे वाला बुलेट चलाने पर 10500 रुपये का चालान किया गया है।

### सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाने का आरोपी गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाने के मामले में कार्रवाई करते हुए थाना सदर फतेहाबाद पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया है। थाना सदर फतेहाबाद के प्रभारी निरीक्षक प्रहलाद ने बताया कि सब डिवीजनल कैनाल ऑफिसर रतिया के निर्देश पर मोगा नं. 97780-आर, रताखेडा रजवाहा रक्बा हिजरावां कलां, गाव बनावाली सौत्र में सरकारी नहर खाल को गिराने के मामले में मामला दर्ज किया गया था। जांच के दौरान मामले में चार आरोपियों को पहले गिरफ्तार किया जा चुका है अब इसी मामलें दो और सहआरोपी सनम कम्बोज पुत्र प्रेमचंद और छिन्द्रपाल पुत्र होशियार चन्द निवासीयान बनावली सोत्तर को गिरफ्तार किया।

*जो शिक्षा प्रणाली लड़के- लड़कियों को सामाजिक बुराई या अन्याय के खिलाफ लड़ना नहीं सिखाती तो उस शिक्षा में जरूर कोई न कोई बुनियादी खराबी है।*

*- मुंशी प्रेमचंद*




*पहला घूँट भरते ही अद्विक बोला, 'भाइयों, एक पल के लिए कल्पना करो। अगर आज हम शादीशुदा होते, तो क्या यहाँ इस तरह बैठे होते? मुमकिन है कि अयांश घर पर बच्चों का डायपर बदल रहा होता, अमन पत्नी की शॉपिंग लिस्ट के साथ मॉल में धक्के खा रहा होता और मैं स्कूल की फीस जमा करने की लाइन में लगा होता। यह आजादी जो हमें मिली है, वह अनमोल है।' चारों ने एक साथ 'चीयर्स' कहा और माहौल और भी गहरा हो गया।*





*रात के 12 बजने वाले थे। खिड़की के बाहर गोवा के आसमान में आतिशबाजी शुरू हो चुकी थी। चारों दोस्तों ने एक बार फिर अपने गिलास उठाए। उनकी आँखों में भविष्य के प्रति कोई डर नहीं था, बल्कि अपनी चुनी हुई राह पर चलने का एक गर्व था। उन्होंने जोर से नारा लगाया- 'कुंवारे नेता जिंदाबाद! आजादी जिंदाबाद!' होटल के उस कमरे में चार अलग-अलग कहानियाँ थीं, लेकिन सबका सार एक ही था, अपनी शर्तों पर जीवन जीना।*




कहानी

**डॉ. मधुकांत**

# कुंवारे नेता जिंदाबाद

दिसंबर की सर्द हवाएं जब देश के उत्तरी हिस्सों में ठिठुरन पैदा कर रही थीं, तब गोवा की सुनहरी रेत और लहरों का शोर चार दोस्तों के स्वागत के लिए तैयार था। अद्विक, अमन, विधान और अयांश—ये चार नाम नहीं, बल्कि एक अटूट दोस्ती की मिसाल थे। हर साल की तरह इस बार भी नए साल का जश्न मनाने के लिए उन्होंने गोवा के एक आलीशान पांच सितारा होटल को अपना ठिकाना बनाया। यह होटल उनकी सफलता और उनकी मेहनत की कमाई का गवाह था। होटल में दो 'कनेक्टिंग रूम' बुक किए गए थे। इन कमरों की खासियत यह थी कि इनके बीच का दरवाजा खोलते ही ये एक विशाल सुइट में तब्दील हो जाते थे। चारों दोस्तों ने कमरे में घुसते ही सबसे पहला काम उस दरवाजे को खोलने का किया। यह दरवाजा केवल लकड़ी का नहीं था, बल्कि उनके बीच के खुलेपन और पारदर्शिता का प्रतीक था।

30 से 32 वर्ष की उम्र के ये चारों युवा न केवल शारीरिक रूप से फिट थे, बल्कि अपने करियर में भी ऊंचाइयों को छू रहे थे। उनकी एक और समानता यह थी कि वे सभी अभी तक 'सिंगल' थे और अपनी इस आजादी का भरपूर आनंद ले रहे थे। अद्विक, अमन और विधान कमरे में पहुँच चुके थे और सामान व्यवस्थित कर रहे थे। अद्विक ने घड़ी की ओर देखते हुए कहा, 'अरे भाई, हम तीनों तो समय पर आ गए, लेकिन अयांश का अभी तक कोई अता-पता नहीं है। दिल्ली में बैठकर बड़ी-बड़ी हांक रहा था कि इस बार सबसे पहले पहुँचकर तुम लोगों का स्वागत करूँगा।'

अमन ने खिड़की से समुद्र की लहरों को निहारते हुए मुस्कुराकर कहा, 'अरे अद्विक, तू अयांश को नहीं जानता? वह वादाखिलाफी नहीं करता। वह असल में हम सबसे पहले पहुँचा है। रिसेप्शन पर पता चला कि वह सीधे बीच पर लहरों से टकराने चला गया है। शाम ढल रही है, अब उसके आने का ही वक्त है।'

अभी बात चल ही रही थी कि कमरे का दरवाजा धड़धड़ाते हुए खुला। कंधे पर गिटार टांगे और चेहरे पर सूरज की तपिश लिए अयांश ने प्रवेश किया।

'मैं आ गया दोस्तों! सुना है कोई मुझे याद कर रहा था?' अयांश की आवाज में वही पुरानी खनक थी। चारों दोस्त एक-दूसरे के गले मिले। खुशी का आलम यह था कि अयांश ने वहीं थिरकना शुरू कर दिया। उसकी यह पुरानी आदत थी- जब भी वह भावुक या खुश होता, उसके पैर अपने आप थिरकने लगते। देखते ही देखते बाकी तीनों भी उसके साथ नाचने लगे। होटल का वह कमरा उनकी हंसी और ठहाकों से गूंज उठा। कुछ देर की मस्ती के बाद अयांश ने अद्विक के कंधे पर हाथ रखा और कहा, 'अद्विक भाई, तू तो हमारा 'इवेंट मैनेजर' है। साल खत्म होने में कुछ ही घंटे बचे हैं और अभी तक ग्लास खाली हैं? तैयारी कहाँ तक पहुँची?'

अद्विक ने रहस्यमयी मुस्कान के साथ बगल वाले कमरे की ओर इशारा किया, 'सब इंतजाम पक्का है मेरे दोस्त। उस कमरे में चल, वहाँ जन्नत सजी है।' चारों दोस्त बगल वाले कमरे में पहुँचे, जहाँ एक गोल मेज पर दुनिया भर की बेहतरीन ड्रिंक्स, स्नैक्स और डिनर का प्रबंध था। अद्विक ने बड़ी कुशलता से पैग बनाने शुरू किए। पहला घूँट भरते ही अद्विक बोला, 'भाइयों, एक पल के लिए कल्पना करो। अगर आज हम शादीशुदा होते, तो क्या यहाँ इस तरह बैठे होते? मुमकिन है कि अयांश घर पर बच्चों का डायपर बदल रहा होता, अमन पत्नी की शॉपिंग लिस्ट के साथ मॉल में धक्के खा रहा होता और मैं स्कूल की फीस जमा करने की लाइन में लगा होता। यह आजादी जो हमें मिली है, वह अनमोल है।' चारों ने एक साथ 'चीयर्स' कहा और माहौल और भी गहरा हो गया। अयांश की 'शहीद' होने वाली कहानी बातों का सिलसिला निकला तो अमन ने अयांश की ओर देखते हुए पूछा, 'अरे अयांश, पिछले हफ्ते तू फोन पर बहुत परेशान था। कह रहा था कि घर में 'इमरजेंसी' है। फिर तूने बताया नहीं कि उस शादी वाले मामले का क्या हुआ?'

अयांश ने एक लंबी और राहत भरी सांस ली। 'भाई, मैं तो मौत के मुँह से वापस आया हूँ। तुम्हें तो पता है मेरे पापा मिलिट्री से रिटायर हुए हैं। उनके लिए अनुशासन और आदेश ही सब कुछ है। पिछले दो साल से उन्होंने मेरी शादी को अपना एकमात्र मिशन बना लिया था। इस बार मम्मी ने फोन किया कि उनकी तबीयत बहुत खराब है, मुझे तुरंत घर आना होगा। मैं घबराकर दिल्ली से गाँव पहुँचा, तो देखा मम्मी बिल्कुल भली-चंगी रसोई में पकौड़े तल रही हैं।' अयांश ने आगे बताया, 'तभी घर की घंटी बजी और पापा के जिगरी दोस्त अपनी बेटी के साथ प्रकट हुए। सब कुछ पहले से फिक्स था। मुझे और उस लड़की को बात करने के लिए ऊपर के कमरे में भेज दिया गया। मैं पसीने-पसीने हो रहा था कि अब मना कैसे करूँ? तभी उस लड़की ने ही मोर्चा संभाल लिया। उसने कमरे में घुसते ही कहा- 'देखिए, मेरा एक बॉयफ्रेंड है और मैं उसी से शादी करूँगी। मेरे पापा जबरदस्ती यहाँ लाए हैं। आप मना कर दीजिए।' मुझे लगा जैसे भगवान खुद मदद करने आए हैं। मैंने भी उससे कह दिया कि मैं भी शादी नहीं करना चाहता, पर मेरे पापा 'हिटलर' हैं। अगर मैं सादगी से मना करूँगा, तो वह मेरी खाल खींच लेंगे।'

फिर हमने एक योजना बनाई। अयांश खिलखिलाकर बोला। 'जैसे ही मम्मी चाय लेकर कमरे में आईं, हमने जानबूझकर चिल्लाना शुरू कर दिया। मैंने कहा—'मम्मी, यह लड़की तो बहुत बदतमीज है, इसे बड़ों से बात करने की तमीज नहीं है।' लड़की भी मंझी हुई कलाकार निकली, उसने तुरंत चिल्लाकर कहा कि मैंने उसकी माँ के बारे में अपशब्द कहे हैं। नीचे हॉल में ऐसा हंगामा हुआ कि रिश्ता जुड़ने से पहले ही जलकर राख हो गया। वे लोग बिना चाय पिए भाग गए और मैं अपनी आजादी लेकर वापस आ गया।' अयांश का तर्क स्पष्ट था- 'अभी मेरा करियर है। 32 साल की उम्र में मैं प्राइवेट सेक्टर में 12-12 घंटे काम करता हूँ, तब जाकर प्रमोशन मिलता है। शादी के बाद मैं न ऑफिस को समय दे पाऊँगा और न ही खुद को। इसलिए, 'नो शादी, नो बच्चे'।

"और शादी का सुख ?" अद्विक ने नया प्रसंग छेड़ दिया। "शादी का सुख लेने की बात आपने खूब कहीं। किसी भी लाइक माइंडेड लड़की के साथ दोस्ती करो। जब तक विचार मिले उनके साथ रिलेशन में रहो। मन उब जाए, तब साथ छोड़कर अलग-अलग हो जाओ। खाओ पियो मौज उड़ाओ, न किसी को अपनाने का झंझट, न तलाक देने की परेशानी..।" विधान, जो अब तक शांत बैठा था, बोला, 'अयांश, तूने तो ड्रामा करके खुद को बचा लिया, लेकिन मेरे पड़ोस में रामू आंटी के बेटे का हाल देखो तो रूह कांप जाती है। उसने दहेज और रसूख के लालच में एक बहुत अमीर लड़की से शादी की। आज स्थिति यह है कि उस लड़की ने अपनी अकड़ में बेचारी रामू आंटी को ओल्ड एज होम भेज दिया है। वह लड़का अपने ही घर में एक नौकर की तरह रहता है। उसकी कोई अपनी इच्छा नहीं बची। जब मैं उसे देखता हूँ, तो मुझे लगता है कि अकेले रहकर चैन की नींद सोना किसी भी आलीशान महल की गुलामी से बेहतर है।'

अंत में सबकी निगाहें चौथे दोस्त पर टिकीं। वह शांत, गंभीर और हमेशा खादी के कुर्ते में रहने वाला व्यक्ति था, जिसे सब प्यार से 'नेताजी' बुलाते थे। अद्विक ने पूछा, 'नेताजी, आप तो समाजसेवा की बातें करते हैं। आप क्यों इस गृहस्थी के झमेले से दूर रहना चाहते हैं?' नेताजी ने अपने चश्मे को ठीक किया और बहुत गंभीरता से कहा, 'दोस्तों, मेरा लक्ष्य केवल व्यक्तिगत सुख नहीं, बल्कि समाज की सेवा है। राजनीति की बिसात पर कुंवारा होना एक बहुत बड़ी ताकत है। इसके पीछे मेरे अपने ठोस तर्क हैं।' उन्होंने उंगलियों पर गिनवाते हुए कहा 1. समय की प्रचुरताः एक शादीशुदा नेता हमेशा घर और जनता के बीच बंटा रहता है। मुझे न घर की चिंता करनी है, न बच्चों के स्कूल की। मेरा 24 घंटा जनता का है।

2. ईमानदारी की छविः जनता उस नेता पर ज्यादा भरोसा करती है जिसके आगे-पीछे कोई न हो। लोग सोचते हैं कि यह किसके लिए भ्रष्टाचार करेगा? इसका तो कोई वारिस ही नहीं है।

3. विरासत का मोह नहींः हमने देखा है कि बड़े-बड़े नेताओं के बिगड़ैल बेटे ही अपने पिता की मेहनत पर पानी फेर देते हैं। परिवारवाद की जड़ ही परिवार है। जब परिवार ही नहीं होगा, तो मोह कहाँ से आएगा? भारत के इतिहास में भी देखो, कई बड़े मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री कुंवारे रहे हैं और उनकी छवि बेदाग रही है। नेताजी की बातों में एक अलग ही गहराई थी। उन्होंने निष्कर्ष निकालते हुए कहा, 'मैंने तय किया है कि मेरा जीवन किसी एक स्त्री या बच्चे के लिए नहीं, बल्कि समाज के हर उस बच्चे के लिए होगा जिसे मेरी जरूरत है। इसलिए-नो शादी, नो बच्चे, बस सेवा!

रात के 12 बजने वाले थे। खिड़की के बाहर गोवा के आसमान में आतिशबाजी शुरू हो चुकी थी। चारों दोस्तों ने एक बार फिर अपने गिलास उठाए। उनकी आँखों में भविष्य के प्रति कोई डर नहीं था, बल्कि अपनी चुनी हुई राह पर चलने का एक गर्व था। उन्होंने जोर से नारा लगाया- 'कुंवारे नेता जिंदाबाद! आजादी जिंदाबाद!' होटल के उस कमरे में चार अलग-अलग कहानियाँ थीं, लेकिन सबका सार एक ही था, अपनी शर्तों पर जीवन जीना। संगीत तेज हुआ, आतिशबाज़ी से आसमान रंगीन हो गया और इसी के साथ नए साल का आगाज हुआ। वे चारों दोस्त, जो समाज की नजर में शायद 'अधूरे' थे, अपनी नजरों में पूरी तरह 'मुकम्मल' महसूस कर रहे थे।

कविता

**सुधीर ढांडा कौल**



## डंडे की मार

जानवरों से मुझे लगाव बहुत है,
उन्हें पालने का चाव बहुत है।

एक साथ बिल्ली बंदर कुत्ते को पाला,
सफ़ेद कुत्ता, भूरा बंदर, बिल्ली
का रंग था काला।

थी तीनों की गजब की यारी,
बिल्ली कुत्ते खेलते,बंदर करता सवारी।

एक ही कटोरे में तीनों खाते थे,
एक दूसरे से लिपटकर सोते थे।

बंदर को मै गाड़ी पर ले जाता था,
कुता बिल्ली के पास घर पर रहता था।

अपने हाथों से खाना उन्हें खिलाता था,
दूध कटोरे में खूब उन्हें पिलाता था।

एक दिन मेरी माँ ने गुस्से में
बिल्ली को डंडा मार दिया

और उस प्यारे कुत्ते को भी घर
से बाहर निकाल दिया।

डंडे से बिल्ली की टाँग टूट गई,
बिल्ली का दर्द देख माँ रूठ गई।

मां ने मरहम बनाई और बिल्ली
की टाँग पर लगाई,

बहुत दिनों बाद बिल्ली बेचारी
थोड़ा थोड़ा चल पाई।

बिल्ली घर से दौड़ गई,
कुत्ते की हो मौत गई,

बंदर को मैंने छोड़ दिया,
जानवरों से नाता तोड़ दिया।

सुधीर टूट गई तीनों की यारी, ये
थी बातें बचपन की सारी।

इसमें कुछ भी झूठ नहीं है,मेरे
पास फोटो जैसा सबूत नहीं है।

कविता **मनोज वशिष्ठ**



## विश्व वीर विवेकानंद

उठा शिखर से घोष एक, जो सागर पार सुनाया था,
सोए भारत की अंतस को, जिसने आन जगाया था।
गेरुआ वसन, ललाट पे तेज, आँखों में करुणा की धार,
वह संन्यासी नहीं मात्र, था भारत का ही अवतार।

शिकागो की उस सभा बीच, जब गूँजा 'भ्राता-भगिनी' स्वर,
स्तब्ध रह गया विश्व सकल, झुक गया गर्व से मस्तक पर।
वेदांत की पावन वाणी से, जग का संशय दूर किया,
पश्चिम की भौतिक चकाचौंध में, अध्यात्म का नूर दिया।

कहा उन्होंने— उठो! जागो! मत रुको राह के रोड़ों से,
मंजिल तुमको ही चुननी है, संघर्षों के इन घोड़ों से।
शक्ति ही जीवन का सच है, कमजोरी बस एक मृत्यु है,
वीर वही जो अडिग खड़ा, चाहे सम्मुख काल-नृत्य है।

ꞏमनुष्य-निर्माणꞏ ही लक्ष्य रहे, वह शिक्षा असली कहलाती,
जो दीन-दुखी के आँसू पोंछे, वह भक्ति सच्ची कहलाती।
लोहे की हों मांसपेशियाँ, फौलादी जिनका सीना हो,
विवेकानंद के सपनों का, भारत ऐसा नगीना हो।

रेवाड़ी की पावन माटी से, हम यह संकल्प दोहराते हैं,
'विज़न 2026' के पथ पर, हम बढ़ते ही जाते हैं।
हाथों में विज्ञान रहे, और मन में संचित संस्कार रहें,
हम विवेकानंद के अनुयायी, राष्ट्र-प्रेम के आधार रहें।

लघुकथा **डॉ. तबस्सुम जहां**



## आत्मा का अंश

शिष्यः गुरुजी, आत्मा क्या है?गुरुजीः वत्स, आत्मा एक ऊर्जा है, जो चिरकाल से ब्रह्मांड में विचरण करती है — जैसे असंख्य तारे, ग्रह और धूमकेतु।

**शिष्यः** और गुरुजी, आत्मिक जुड़ाव क्या होता है?

**गुरुजीः** जब हमारी आत्मा का कोई अंश एक जन्म से दूसरे जन्म तक किसी को पाने को व्याकुल हो उठता है, जब किसी अनजाने से बिना मिले ही गहरा जुड़ाव महसूस होता है — तब समझना चाहिए कि आत्मा का वह अंश अपने दूसरे हिस्से से मिलने को आतुर है। वह मिलकर पूर्णता की ओर बढ़ना चाहता है।

**शिष्यः** परंतु गुरुदेव, आत्मा के वे दो हिस्से, दो व्यक्ति, कैसे मिलेंगे?

**गुरुजीः** वत्स, नियति चाहे जितनी राहें मोड़े, आत्माएँ अपने हिस्सों को ढूंढ ही लेती हैं। जो होना है, वह होकर ही रहता है।

**शिष्यः** क्या यह ज़रूरी है कि दोनों में प्रेम भी हो? जबकि मिलन से पहले उनके जीवन के मार्ग अलग-अलग हो चुके हैं?

**गुरुजीः** यही तो नियति की लीला है वत्स। आत्मा जिसे चुनती है, उससे वह प्रेम मांगती नहीं , बस देती है। यह प्रेम देह या मन का नहीं होता, यह निस्वार्थ होता है। आत्मा न किसी शर्त को जानती है, न किसी बंधन को मानती है।

**शिष्यः** और यदि दूसरा व्यक्ति उस प्रेम को न समझे?

**गुरुजीः** समझेगा वत्स... समय आने पर अवश्य समझेगा। प्रारंभ में वह भ्रमित रहेगा, दूर भागेगा, कड़वे वचन कहेगा, तिरस्कार करेगा। किंतु जब सब शांत होगा, वह अपने भीतर झांकेगा — तब उसे यह ज्ञात होगा कि जिस प्रेम को वह ठुकरा रहा था, वह कोई साधारण आकर्षण नहीं था... वह उसकी ही आत्मा का एक विलग अंश था।

**शिष्यः** तब क्या होगा गुरुदेव?

**गुरुजी** (मुस्कुराते हुए): तब... वह मौन में प्रार्थना करेगा कि वह प्रेम फिर लौट आए। पर तब तक वह प्रेम किसी दूसरी ऊँचाई पर पहुँच चुका होगा। जहाँ से लौटना संभव नहीं होगा। क्योंकि आत्मा का वह अंश अपना कर्तव्य पूरा कर चुका होगा — निःस्वार्थ प्रेम देकर... किसी अपेक्षा के बिना।


**'हरियाणवी साहित्य' केवल मनोरंजन का साधन नहीं है, बल्कि यहां के जनजीवन, इतिहास और दर्शन का दर्पण है। विडंबना यह है कि इतना समृद्ध होने के बावजूद हरियाणवी साहित्य को वह अकादमिक सम्मान और पहचान नहीं मिल पाई है, जिसका वह हकदार है। हरियाणवी साहित्य की जड़ें बहुत गहरी हैं, लेकिन आज भी इसे हिंदी की एक 'बोली' मात्र मानकर हाशिए पर रख दिया जाता है।**


मंथन **डॉ. चंद्र त्रिखा**

# हरियाणवी साहित्य में शोध की नितांत आवश्यकता

हरियाणवी साहित्य' हरियाणा की उज्ज्वल सांस्कृतिक एवं बौद्धिक परंपरा की नींव है। सरस्वती से पोषित हरियाणा की धरती साहित्यिक दृष्टि से बहुत उपजाऊ रही है। इसे वेद, पुराण, गीता, महाभारत आदि पवित्र ग्रंथों की रचना-स्थली होने का गौरव प्राप्त है।




आधुनिक साहित्यिक परंपरा का आरंभ हर्षवर्धनकाल से माना जाता है।

इस काल में अनेक ब्राह्मण ग्रंथ एवं वेदों के स्पष्टीकरण हेतु धर्मसूत्र, उपनिषद्, मनुस्मृति, महाभारत आदि की रचना की गई। इसके अतिरिक्त अनेक काव्य धाराएं यथा जैन काव्यधारा, संत काव्यधारा, सूफी काव्यधारा, वैष्णव भक्ति काव्यधारा आदि प्रवाहित हुई। विशाल 'हरियाणवी साहित्य' में जो साहित्य 'हरियाणवी' में लिखा गया, उसने हरियाणा को विशेष पहचान दी है।

'हरियाणवी साहित्य' केवल मनोरंजन का साधन नहीं है, बल्कि यहाँ के जनजीवन, इतिहास और दर्शन का दर्पण है। विडंबना यह है कि इतना समृद्ध होने के बावजूद, हरियाणवी साहित्य को वह अकादमिक सम्मान और पहचान नहीं मिल पाई है, जिसका वह हकदार है। हरियाणवी साहित्य की जड़ें बहुत गहरी हैं। नाथ-सिद्ध परंपरा से लेकर सूफी संतों की वाणियों तक और पंडित लखमीचंद के सांगों से लेकर आधुनिक कविता तक, इसका विस्तार बहुत बड़ा है, लेकिन आज भी इसे हिंदी की एक 'बोली' मात्र मानकर हाशिए पर रख दिया जाता है। विश्वविद्यालयों के पाठ्यक्रम में हरियाणवी साहित्य का हिस्सा न के बराबर है। जो थोड़ा बहुत साहित्य उपलब्ध है, वह या तो मौखिक परंपरा में है या फिर पुरानी, जीर्ण-शीर्ण पांडुलिपियों में बंद है।

### 'श्रुति परंपरा' पर आधारित है साहित्य का बड़ा हिस्सा

हरियाणवी साहित्य का एक बहुत बड़ा हिस्सा 'श्रुति परंपरा' पर आधारित है। हमारे बुजुर्गों के पास लोकगीतों, किस्सों, मुहावरों और कहानियों का खजाना है। जैसे-जैसे पुरानी पीढ़ी जा रही है, यह खजाना भी लुप्त होता जा रहा है। शोध के माध्यम से इन मौखिक रचनाओं को लिपिबद्ध करना अत्यंत आवश्यक है, अन्यथा आने वाली पीढ़ियों के लिए यह इतिहास हमेशा के लिए मिट जाएगा। हम पं. लखमीचंद, बाजे भगत या पं. मांगेराम जैसे बड़े रचनाकारों को तो जानते हैं, लेकिन हरियाणा के गांवों में ऐसे सैकड़ों कवि और रचनाकार हुए हैं जिनकी रचनाएं अद्भुत हैं, लेकिन उन्हें कोई नहीं जानता। इसलिए अब आवश्यक है कि गांवों की खाक छानकर ऐसे गुमनाम रचनाकारों को खोजा जाए और उन्हें साहित्य के पटल पर स्थापित किया जाए।



अतीत में इस दिशा में दिवंगत देवी शंकर प्रभाकर, शसाधुराम शारदा, प्रोफेसर लालचंद गुप्त मंगल रघुवीर मथाना, प्रोफेसर बाबूराम, डॉ. रामफल चहल, डॉ. राजेंद्र वत्स द्वारा अपने-अपने क्षेत्र में हरियाणवी साहित्य के विकास में उल्लेखनीय योगदान दिया गया है। हरियाणवी भाषा एवं लिपि के क्षेत्र में डॉक्टर जगदेव सिंह द्वारा ठोस कार्य किया गया है। आवश्यकता है इस लग्न एवं प्रतिबद्धता के साथ इस कार्य को आगे बढ़ाया जाए।

### ठोस कदम उठाने होंगे

शोध की दिशा में सकारात्मक बदलाव के लिए कुछ ठोस कदम उठाने होंगे। पुरानी पांडुलिपियों और ऑडियो रिकॉर्डिंग्स को डिजिटल रूप में संरक्षित किया जाना चाहिए। एम.ए. और पीएच.डी. करने वाले छात्रों को हरियाणवी साहित्य पर शोध करने के लिए विशेष छात्रवृत्ति दी जानी चाहिए। ऐसे प्रोजेक्ट्स शुरू करने चाहिए जिनमें शोधकर्ता गांवों में जाकर लोक साहित्य इकट्ठा करें। यह केवल भाषा का सवाल नहीं है, बल्कि यह हरियाणवी अस्मिता और संस्कृति को बचाने का सवाल है। जब हम अपनी भाषा और साहित्य पर शोध करेंगे, तभी हम दुनिया को बता पाएंगे कि हरियाणवी केवल 'लठ्ठमार' बोली नहीं है, बल्कि इसमें जीवन का गहरा दर्शन, प्रेम और करुणा भी समाहित है।

हरियाणवी भाषा बांगरू, देशवाली, अहीरवाटी, कौरवी आदि के नाम से हर 20-30 किलोमीटर पर बदल जाती है। शोध की कमी के कारण इसका कोई एक मानक सर्वमान्य रूप विकसित नहीं हो पाया है। जब तक भाषा के व्याकरण और शब्दकोश पर गहरा शोध नहीं होगा, तब तक इसे शिक्षा के माध्यम के रूप में या संविधान की 8वीं अनुसूची में शामिल करने का दावा मजबूत नहीं हो पाएगा। हरियाणवी सांगों और रागनियों में उस समय की सामाजिक कुरीतियों, अंग्रेजों के खिलाफ संघर्ष, अकाल और खेती-किसानी के संघर्ष का वर्णन मिलता है।

शोध द्वारा हमें हरियाणा का एक ऐसा सामाजिक इतिहास मिलेगा जो किसी इतिहास की किताब में नहीं है। हरियाणवी अब केवल रागनियों तक सीमित नहीं है। आज अनेक कवि हरियाणवी में गजलें, दोहे, मुक्तक, नाटक और उपन्यास लिख रहे हैं।

# अध्यात्म एवं यथार्थ का संगम है 'जब तक तुम ना आओगे'






**पुस्तकः जब तक तुम ना आओगे**
**लेखिकाः सविता गर्ग**
**मूल्यः 210 रुपये**
**प्रकाशकः अद्विक पब्लिकेशन, दिल्ली**

पुस्तक समीक्षा **डॉ. विजेंद्र कुमार**

कवयित्री सविता गर्ग से मेरा परिचय काफी पुराना है। उसने अपनी पहली काव्य कृति 'मैं मीरा सी' मुझे भेंट की थी। जब तक तुम ना आओगे उनका चौथा काव्य संग्रह है। इस काव्य संग्रह में उनकी 97 कविताएं संकलित हैं। इन कविताओं में कवयित्री का मन प्रेम, भक्ति, देश प्रेम ,अध्यात्म, विरह तथा समकालीन यथार्थ के विभिन्न आयामों की यात्रा करता प्रतीत होता है। यह सभी कविताएं उनकी रचनाशीलता के बहुआयामी व व्यापक दृष्टिकोण को रेखांकित करती हैं। श्री कृष्ण को समर्पित कुछ कविताएं उनकी आध्यात्मिक चेतना के उज्ज्वल स्वरूप को आलोकित करती हैं। कवयित्री ने यह संग्रह भगवान श्री कृष्ण को ही समर्पित किया है। सविता अपनी अनुभूति को व्यक्तिगत परिधि से निकालकर सार्वभौमिक करने में सफल रही हैं। नारी पीड़ा की वेदना उनकी इन कविताओं में दृष्टव्य है - सिया सती राधा रुक्मण सारे रूपों से गुजरी हूं मोहन की जोगन बन घूमी में मीरा वही दीवानी हूं। इसी प्रकार मैं सदियों पुरानी हो गई हूं कविता में वह कहती हैं : परियों की कहानी हो गई हूं, शिलाओं पर लिखी निशानी हो गई हूं। 'जीवन उत्सव है' कविता का संदेश अनुकरणीय है, मानवता हो धर्म सभी का, सब उस रब के बंदे नेक भाव हो नेक हो नीयत नेक हो सब धंधे निर्बल का बल बन जाए जीवन उत्सव है। शहीदों को समर्पित कविता में वह कहती हैं -भारत मां के वीर सिपाही हंस फांसी पर झूल गए, हाय दुर्भाग्य हमारा, हम उनको ही भूल गए। देश की सीमाओं पर बलिदान शहीद के लिए लिखा उनका एक गीत बहुत मार्मिक बन पड़ा है। इस गीत से उन्हें मंचों पर विशेष ख्याति भी मिली है : प्राण तन में नहीं आंखें पथराई हैं उसके बिना घर की खुशियां मुरझाई हैं, रोता रहता है उसका पिता डाकिए उसकी आई क्या चिट्ठी बता डाकिए। नए साल की शुभकामनाएं देती कवयित्री कहती है- मानव धर्म सभी अपनाए जात-पात आड़े ना आए दिल में ज्ञान की जोत जलाएं दुख के बादल सब छट जाएं नए साल की भोर में। सविता गर्ग के मधुर कंठी गीतों की महक अनेक काव्य मंचों की शोभा बनती है। उनकी रचना धर्मिता में अपार संभावनाएं भी हैं। आलोच्य काव्य संग्रह का प्रकाशन एवं प्रस्तुतिकरण दोनों ही उत्कृष्ट कोटि के हैं।

## खबर संक्षेप

### इग्नू सेंटर में दाखिले के लिए किया प्रेरित

**सिरसा।** महिला महाविद्यालय सिरसा के कोऑर्डिनेटर डॉ. विक्रमजीत सिंह ने बताया कि सत्र जनवरी 2026 में दाखिले शुरू हो चुके हैं। इस कड़ी में इग्नू अध्यन केंद्र सिरसा के स्टाफ सदस्यों ने इग्नू एग्जाम सेंटर में संचालित इग्नू की परीक्षाओं में जनवरी 2026 सत्र में दाखिला लेने के लिए प्रेरित करने का विशेष अभियान चलाया। स्टाफ सदस्यों ने इग्नू के विभिन्न पाठ्यक्रमों की जानकारी साझा करते हुए बताया कि यह विश्वविद्यालय दूरस्थ शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी है और समाज के हर वर्ग को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है।

### चेक बाउंस मामले में वांछित गिरफ्तार

**सिरसा।** पुलिस चेक बाउंस मामले में वांछित आरोपी को गांव फग्गू क्षेत्र से काबू किया है। पीओ स्टाफ प्रभारी जनकराज ने बताया कि अदालत द्वारा आरोपी को बार-बार नोटिस देने पर भी आरोपी अदालत में हाजिर नहीं हुआ। अदालत के आदेशों की अवहेलना करने पर अदालत ने आरोपी इकबाल सिंह को 23 जुलाई 2025 को पीओ घोषित किया था। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार आरोपी के खिलाफ थाना सिविल लाइन सिरसा में बीएनएस की धारा 209 के तहत मामला दर्जकर जांच पी.ओ. स्टाफ सिरसा को सौंपी गई थी। सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए आरोपी को काबू कर लिया

### पुलिस ने 400 वाहनों पर लगाए रिफ्लेक्टर

**डबवाली।** सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम एवं यातायात सुरक्षा को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से यातायात पुलिस डबवाली द्वारा लायंस क्लब के सहयोग से जागरूकता अभियान चलाया गया। अभियान के तहत दोपहिया, तिपहिया एवं अन्य वाहनों पर रिफ्लेक्टर लगाए गए, ताकि रात्रि समय व धुंध-कोहरे की स्थिति में वाहन दूर से ही स्पष्ट दिखाई दें और सडक़ दुर्घटनाओं की संभावना कम हो सके। यातायात थाना प्रभारी राजकुमार ने बताया कि सर्दी के मौसम में घना कोहरा व धुंध दृश्यता को अत्यधिक कम कर देते हैं, जिससे हादसों का खतरा कई गुना बढ़ जाता है। इस कारण वाहनों पर रिफ्लेक्टर का होना बेहद जरूरी है, जिससे पीछे से आने वाले वाहन समय रहते सतर्क हो सके। उन्होंने बताया कि लायंस क्लब के सहयोग से करीब 400 वाहनों पर रिफ्लेक्टर लगाए गए।

## ढुईयां में ऑल इंडिया महिला जूनियर खो-खो प्रतियोगिता आयोजित

# ऑनलाइन गेम से दूर रहकर खेल को अपनाएं युवा : सांसद बराला

### खेल युवाओं में आत्मविश्वास और सकारात्मक सोच विकसित करते हैं





**फतेहाबाद।** ढुईयां में सांसद सुभाष बराला का स्वागत करते ट्रस्ट सदस्य। ढुईयां में आयोजित खो-खो प्रतियोगिता में दमखम दिखाती खिलाड़ी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

चौधरी पृथ्वी सिंह वेलफेयर ट्रस्ट के तत्वावधान में गांव ठुइयां में तीसरी ऑल इंडिया महिला जूनियर खो-खो प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विभिन्न प्रतिभाशाली महिला खिलाड़ियों ने भाग लिया। कार्यक्रम में राज्यसभा सांसद सुभाष बराला ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत कर खिलाडिय़ों का उत्साहवर्धन किया।

राज्यसभा सांसद बराला ने खिलाड़ियों, अभिभावकों एवं उपस्थित नागरिकों को संबोधित करते हुए कहा कि इस प्रकार के खेल आयोजन महिला सशक्तिकरण की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। ऐसे मंच ग्रामीण अंचलों में छिपी प्रतिभाओं को पहचान दिलाकर उन्हें राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचाने का सशक्त माध्यम बनते हैं। खेल युवाओं में अनुशासन, आत्मविश्वास और सकारात्मक सोच विकसित करते हैं, साथ ही स्वस्थ जीवनशैली को अपनाने के लिए प्रेरित करते हैं। बराला ने कहा कि युवाओं को ऑनलाइन गेमिंग की लत से दूर रहकर मैदानी खेलों से जुडऩा चाहिए। मैदानी खेल न केवल शारीरिक और मानसिक विकास करते हैं, बल्कि युवाओं को नशे जैसी सामाजिक बुराइयों से भी दूर रखते हैं। ऐसे आयोजनों के माध्यम से ही स्वस्थ युवा, सशक्त समाज और मजबूत राष्ट्र की नींव रखी जा सकती है। उन्होंने कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा फतेहाबाद जिले में खेल अवसंरचना को आधुनिक स्वरूप देने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर आयोजित सांसद खेल महोत्सव में जिले के अनेक ग्रामीण खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया, जिससे खेलों के प्रति युवाओं का रुझान और अधिक बढ़ा है।

#### सिंथेटिक ट्रफ़ युक्त खेल मैदानों का विस्तार किया जा रहा

राज्यसभा सांसद ने कहा कि जिले में व्यायामशालाओं, योगशालाओं तथा सिंथेटिक ट्रफ़ युक्त खेल मैदानों का विस्तार किया जा रहा है, जिससे खेल संस्कृति को मजबूती मिल रही है। उन्होंने चौधरी पृथ्वी सिंह वेलफेयर ट्रस्ट, आयोजन समिति, खिलाडिय़ों तथा सभी सहयोगियों को प्रतियोगिता के आयोजन के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर हरकोफेड के चेयरमैन वेद फुला, ब्लॉक समिति वाइस चेयरमैन बंसीलाल जांडवाला, मंडल अध्यक्ष जसवंत माचरा, सुरेश मल्हान सरपंच ठुइयाँ, रविंद्र बेनीवाल, बलजीत बेनीवाल, संजय सिंगला, सुरेंद्र भादू सरपंच जाँडवाला, राकेश भाम्भू, प्रमोद बेनीवाल, संदीप नेहरा, सुभाष कसवाँ, सुभाष साहू, सुनील गोदारा, सुखदेव सरपंच, श्रवण ज्यानी, ओमप्रकाश कसवां, मोहर सिंह कसवां, सुभाष ज्यानी, जीतू फुला, श्रवण कसवां सहित अनेक गांवों के सरपंच, जनप्रतिनिधि और गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

## दिव्यांग पेंशन योजना

# 60 प्रतिशत दिव्यांगता पर दिए जा रहे 3000 रुपये

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

सरकार द्वारा दिव्यांगजनों के सामाजिक और आर्थिक सशक्तिकरण के उद्देश्य से दिव्यांग पेंशन योजना संचालित की जा रही है। इस योजना के माध्यम से पात्र दिव्यांग व्यक्तियों को प्रतिमाह 3000 रुपए आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है, जिससे वे आत्मनिर्भरता की ओर अग्रसर हो सकें। जिला समाज कल्याण अधिकारी सत्यवान ढिलोड ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा दिव्यांगजनों के लिए दिव्यांग पेंशन योजना संचालित की जा रही है। यह पेंशन प्रक्रिया प्रो-एक्टिव प्रणाली के माध्यम से बनाई जाती है। योजना के अंतर्गत वे लाभार्थी पात्र होंगे जिनकी आयु 18 वर्ष से अधिक है और जिनके पास 60 प्रतिशत या उससे अधिक का दिव्यांग प्रमाण पत्र उपलब्ध है। उन्होंने बताया कि क्रीड विभाग द्वारा दिव्यांगता की पुष्टि किए जाने के बाद सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग, चंडीगढ़ के निर्देशानुसार जिला समाज कल्याण अधिकारी को पेंशन स्वीकृति के लिए नाम भेजे जाते हैं। नाम स्वीकृत होने के उपरांत प्रो-एक्टिव ऐप के माध्यम से दिव्यांग पेंशन स्वीकृत कर दी जाती है।

#### बैंक खाते में आएगी राशि

*इस योजना के अंतर्गत पात्र लाभार्थियों को 3000 प्रतिमाह की पेंशन राशि सीधे उनके बैंक खाते में प्रदान की जाती है। योजना का लाभ प्राप्त करने के लिए दिव्यांग पहचान पत्र, बैंक खाता विवरण, आधार कार्ड, राशन कार्ड तथा वोटर कार्ड जैसे आवश्यक दस्तावेज होना अनिवार्य है। दिव्यांग पेंशन योजना न केवल आर्थिक सहायता प्रदान करती है, बल्कि दिव्यांगजनों को समाज की मुख्यधारा से जोडने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। जिला में योजना के तहत वर्तमान में जिला की 13744 दिव्यांगजनों को 3000 मासिक पेंशन का लाभ दिया जा रहा है।*

### कांग्रेसियों ने मनाया दीपेंद्र का जन्मदिन

**सिरसा।** यूथ कांग्रेस की ओर से सांसद दीपेंद्र हुड्डा का जन्मदिन रविवार को कांग्रेस भवन में मनाया गया। इस दौरान हवन यज्ञ किया गया और लड्डू बांटे गए। यूथ कांग्रेस प्रदेश महासचिव नवदीप कंबोज ने कहा कि सांसद ने विपक्ष की भूमिका निभाते हुए सरकार के खिलाफ जनता की आवाज को हर मोर्चे पर बुलंद किया है। इस मौके पर मोहित शर्मा, प्रभुराम, कमल कांटीवाल, मोहित कंबोज, आनंद भांभू, युवराज कंबोज, गैरी सिंह, अभिषेक यादव, अंकित भांभू, गौरांश अरोड़ा सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# नरमा उत्पादकों को मुआवजा न मिलने से किसान निर्बल : जस्सा

### जल्द मुआवजा देने का आश्वासन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

इनेलो जिलाध्यक्ष जसवीर सिंह जस्सा ने कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार की ओर से पिछले तीन माह बीतने के बावजूद अभी तक बरसात से प्रभावित नरमा उत्पादकों को न तो बीमा ही दिया गया और न ही उचित मुआवजा, जिससे सरकार का कथित तौर पर किसान हितैषी चेहरा उजागर हो गया है। इनेलो जिलाध्यक्ष जस्सा ने रविवार को जारी बयान में कहा कि सरकार ने जिला सिरसा में उन सभी नरमा उत्पादकों को आश्वस्त किया था कि जिनकी नरमे की फसल अत्यधिक बरसात व बाढ़ की चपेट में आने से नष्ट हो गई थी, उन्हें उचित मुआवजा शीघ्रातिशीघ्र दिया जाएगा, मगर तीन माह बीतने के बावजूद यह आश्वासन केवल आश्वासन ही साबित हुआ। इनेलो जिलाध्यक्ष जस्सा ने कहा कि हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री रहे चौधरी देवीलाल व ओमप्रकाश चौटाला के शासनकाल में किसानों को न केवल उनकी फसल का उचित मूल्य मिलता था बल्कि प्राकृतिक आपदा आने पर पूरी मुआवजा भी अविलंब दिया जाता था मगर भाजपा सरकार ने पिछले तीन माह का समय बीतने के बावजूद अभी तक प्रभावित किसानों की मदद की दिशा में एक भी कदम नहीं बढ़ाया। अब मौजूदा समय में किसानों द्वारा गेहूं व सरसों को पोषित करने में भी आर्थिक सबलता की जरूरत होती है मगर किसानों को सरकार द्वारा सहायता न दिए जाने से वे निर्बल होकर रह गए हैं।

### चूरापोस्त बरामदगी मामले में सप्लायर को किया गिरफ्तार

**सिरसा।** पुलिस ने चूरापोस्त बरामदगी मामले में सप्लायर को राजस्थान की राजगढ़ जेल से प्रोडक्शन वांरट पर लेकर गिरफ्तार किया गया है। गौरतलब है कि बीती 28 दिसंबर 2025 को एंटी नारकोटिक्स सेल सिरसा की एक पुलिस टीम ने महत्वपूर्ण सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए बडागुढ़ा थाना क्षेत्र से कुलविंद्र निवासी गांव बीरुवाला गुढ़ा क्षेत्र से एक व्यक्ति को एक किलो 510 ग्राम डोडा चूरापोस्त सहित गिरफ्तार कर पूछताछ की गई तो आरोपी ने बताया कि वह उक्त चूरापोस्त बिट्टू सिंह निवासी भंगू जिला सिरसा से लेकर आया था। थाना प्रभारी ने बताया कि दोनों आरोपियों के खिलाफ बडागुढ़ा थाना में मादक पदार्थ अधिनियम के तहत मामला दर्जकर जांच शुरू की गई थी। जिसके आधार पर कार्रवाई की गई।

# धुंध में सुरक्षा को लेकर ट्रैफिक पुलिस ने एनएच-9 पर भारी वाहनों पर लगाए सेफ्टी रिफ्लेक्टर

### फतेहाबाद ट्रैफिक पुलिस ने चलाया विशेष अभियान



**फतेहाबाद।** हाइवे पर बड़े वाहनों पर रिफ्लेक्टर लगाते ट्रेफिक पुलिस कर्मचारी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

फतेहाबाद ट्रैफिक पुलिस द्वारा सडक़ सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए धुंध एवं कम दृश्यता वाले मौसम को ध्यान में रखते हुए एक विशेष सेफ्टी अभियान चलाया गया। यह अभियान विशेष रूप से राष्ट्रीय राजमार्ग-9 पर संचालित किया गया, जहां भारी वाहनों की आवाजाही अधिक रहती है। अभियान के दौरान ट्रैफिक पुलिस टीम द्वारा एनएच-9 पर चलने वाले ट्रक, बस तथा अन्य भारी वाहनों पर सेफ्टी रिफ्लेक्टर लगाए गए। इन रिफ्लेक्टरों के माध्यम से वाहन अंधेरे, कोहरे और धुंध के समय दूर से ही स्पष्ट दिखाई देते हैं, जिससे पीछे व सामने से आने वाले वाहन चालक समय रहते सतर्क होकर संभावित दुर्घटनाओं से बच सकें। ट्रैफिक थाना प्रभारी उपनिरीक्षक जयसिंह ने बताया कि रिफ्लेक्टर लगाने की प्रक्रिया निर्धारित सुरक्षा मानकों के अनुरूप की गई है, ताकि वाहनों की अधिकतम दृश्यता सुनिश्चित हो सके। उन्होंने वाहन चालकों को समझाया कि रिफ्लेक्टर केवल नियमों की पूर्ति नहीं, बल्कि उनकी स्वयं की सुरक्षा और सडक़ पर अन्य यात्रियों की जान बचाने का एक महत्वपूर्ण साधन हैं।

#### लोगों को किया जागरूक

इस अवसर पर वाहन चालकों को धुंध के समय कम गति से वाहन चलाने, हेडलाइट व इंडिकेटर का सही उपयोग, फॉग लाइट्स का प्रयोग, तथा सुरक्षित दूरी बनाए रखने के प्रति भी जागरूक किया गया। ट्रैफिक पुलिस ने स्पष्ट किया कि थोड़ी-सी लापरवाही भी गंभीर सडक़ हादसे का कारण बन सकती है। फतेहाबाद ट्रैफिक पुलिस ने आमजन से सहयोग की अपील करते हुए कहा कि सडक़ सुरक्षा साझा जिम्मेदारी है। ऐसे जागरूकता एवं सुरक्षा अभियान भविष्य में भी निरंतर जारी रहेंगे, ताकि जिले में सुरक्षित, सुचारू और दुर्घटना-मुक्त यातायात व्यवस्था को और अधिक मजबूत किया जा सके।

# एचटेट में 1284 अभ्यर्थियों का चयन संदिग्धः दिग्विजय

### कहाः सरकार जांच से पीछे हटी तो जेजेपी जाएगी कोर्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

जेजेपी नेता दिग्विजय सिंह चौटाला ने कहा कि हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड भिवानी में एचटेट पात्रता परीक्षा में 1284 अभ्यर्थियों के चयन का मामला पूरी तरह से संदिग्ध है जिसकी जांच सीबीआई से करवाई जानी चाहिए। दिग्विजय रविवार को सिरसा में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। दिग्विजय ने कहा कि बीती 30 तथा 31 जुलाई 2024 को एचटेट के परिणाम में जिस प्रकार का घोटाला हुआ है, उससे बगैर पर्ची व बगैर खर्ची का दावा करने वाली सरकार का चेहरा पूरी तरह उजागर हो गया है। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार 1284 अभ्यर्थियों के नाम परिणाम में शामिल किए गए, उनके लिए न ही तो बायोमेट्रिक प्रकिया अपनाई गई और न ही सरकार ने इसमें कोई पारदर्शिता रखते हुए इनके नाम उजागर किए। इससे साफ है कि इस मामले में जमकर पर्ची व खर्ची भी चली। दिग्विजय ने इस प्रकरण को हरियाणा के युवाओं के साथ खिलवाड़ बताते हुए इसे शिक्षा जगत में सबसे बड़ा घोटाला बताया। उन्होंने बताया कि शिक्षा भिवानी बोर्ड के तत्कालीन सचिव द्वारा इस परीक्षा का परिणाम पूरी तरह से पारदर्शिता से तैयार कर घोषणा की स्वीकृति के लिए बोर्ड चेयरमैन के पास भेजा था मगर बोर्ड चेयरमैन ने इसे पुनः बोर्ड के पास न केवल वापिस भेज दिया बल्कि सरकार ने बोर्ड सचिव को तुरंत प्रभाव से तबदील भी कर दिया। दिग्विजय ने इस प्रकरण में मुख्यमंत्री हरियाणा से पूछा कि आखिर ऐसी क्या वजह थी कि समूची प्रक्रिया को कानूनी अनुसार तय करने के बाद भी परिणाम को रिकॉल किया गया?

#### कोचिंग एजेंसियों से मिलीभगत का आरोप

उन्होंने कहा कि तत्कालीन सचिव के कार्यकाल के दौरान जिन एजेंसियों के मार्फत परीक्षा परिणाम तय किया गया, उन्हें बाद में बोर्ड अध्यक्ष द्वारा घोटाले को अंजाम देने के लिए सिक्योरिटी ऑडिट के नाम पर गोपनीय सचिव कार्यालय के माध्यम से चौथी एजेंसी के माध्यम से परिणामों में चुपके से 1284 अभ्यर्थियों के नाम भी शामिल कर दिए गए। उन्होंने सवाल पूछा कि आखिर ये 1284 अभ्यर्थियों को मार्जिन ऑफ एरर का लाभ देकर लाभान्वित किया गया जबकि शेष को इससे वंचित रखा गया। उन्होंने कहा कि सरकार ने कुछ कोचिंग एजेंसियों से मिलीभगत कर इस घोटाले को अंजाम दिया है। उन्होंने कहा कि इस पूरे प्रकरण की सीबीआई से जांच करवाने की मांग की। जेजेपी नेता कहा कि यदि सरकार सीबीआई जांच से पीछे हटती है तो उनकी पार्टी इस मामले को पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट में लेकर जाएगी। इस मौके पर पार्टी जिलाध्यक्ष अशोक वर्मा, राधेश्याम शर्मा व प्रवक्ता अमर सिंह ज्याणी भी मौजूद थे।

### प्रभु सिमरन न किया तो पछताएगा इंसानः रवि कुमार

**ओढां।** ब्रह्मविद्या योग आश्रम रोहिड़ांवाली में साधक राजाराम गोदारा की देखरेख में मासिक सत्संग हुआ जिसमें साधक रवि कुमार ने कहा कि आनंद के साथ पीड़ा, अंधकार के साथ प्रकाश, उत्थान के साथ पतन, जन्म के साथ मृत्यु निश्चित है। उन्होंने कहा कि अगर प्रभु का सुमिरन नही किया तो इंसान अंत में पछताएगा। इसलिए मन को सद्गुरु युक्ति से रोककर प्रभु के सिमरन में जुडऩा चाहिए। वहीं साधक लखमी वर्मा ने कहा कि प्रकृति मंडल के अंदर सबसे प्रथम जो शब्द प्रकट होता है उसे अक्षर कहते हैं। अक्षर द्वारा ही निःशब्द, परम पुरुष इस विशाल सृष्टि का निर्माण करता है। वह अक्षर की ध्वनि जब देह कपाल के अंदर संबंध करती है तब ब्रह्मांड के अंदर पांच शब्द बन जाते हैं। उन्होंने कहा कि ब्रह्मांडी पंच शब्द सहज ध्वनि नहीं है क्योंकि वे अक्षर धार के नीचे आने पर ब्रह्मांड के अनेक स्थानों पर प्रकट होते हैं।

*स्वयंसेवकों को किया प्रेरित*

# योगा एवं स्वच्छता ही स्वस्थ समाज की आधारशिलाः मेहरा

### राष्ट्रीय सेवा योजना का सात दिवसीय विशेष शिविर आयोजित



**सिरसा।** शिविर के दौरान योगाभ्यास करते विद्यार्थी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| ओढां

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय रिसालियाखेड़ा में आयोजित राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर के चौथे दिन योगाभ्यास करवाया गया। इस दौरान स्वयंसेवकों को शारीरिक एवं मानसिक रूप से स्वस्थ रहने के लिए प्रेरित किया गया। योगाभ्यास में विभिन्न प्रकार के योगासन एवं प्राणायाम शामिल रहे। योगाभ्यास के पश्चात विद्यालय परिसर एवं विद्यालय के आसपास स्वयंसेवकों ने उपस्थित अध्यापकों के मार्गदर्शन में विशेष स्वच्छता अभियान चलाया। एनएसएस स्वयंसेवकों ने कक्षाओं, बरामदों, खेल मैदान तथा विद्यालय परिसर के आसपास के क्षेत्रों की साफ.-सफाई कर स्वच्छ भारत मिशन के प्रति जागरूकता फैलाने का कार्य किया। इस अवसर पर स्वच्छता को जीवनशैली में अपनाने पर विशेष जोर दिया गया। एनएसएस शिविर प्रभारी प्रवक्ता इंद्रजीत मेहरा ने स्वयंसेवकों से कहा कि योग एवं स्वच्छता दोनों ही स्वस्थ समाज के निर्माण की आधारशिला हैं।



# राजेंद्रा इंस्टिट्यूट में हुआ श्री सुखमनी साहिब का पाठ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

राजेंद्रा इंस्टिट्यूट में श्री सुखमनी साहिब का पाठ किया गया। कार्यक्रम के दौरान रागी जत्थे द्वारा सुंदर शब्द-कीर्तन प्रस्तुत किया गया। पाठ की शुरुआत अरदास के साथ हुई, जिसके पश्चात संस्थान परिवार के सभी सदस्यों ने मिलकर गुरुवाणी का लाभ प्राप्त किया। पाठ का उद्देश्य विद्यार्थियों एवं स्टाफ में आध्यात्मिकता, नैतिक मूल्यों और सकारात्मक ऊर्जा का संचार करना रहा। सभी के सुख समृद्धि की कामना की। इस अवसर पर संस्थान के चेयरमैन एन.के. गुप्ता, सचिव पुलकित गुप्ता, कॉलेज ऑफ फार्मेसी के प्राचार्य डॉ. संजीव कालरा, काउंसलर एकता कालरा, नर्सिंग प्राचार्या कुलविंदर कौर, डॉ. राम, कुलवंत सिंह, परवरिश कंबोज, धीरज कंबोज आदि मौजूद रहे।

## नशा तस्करों को लेकर गुरुनानकपुरा पुलिस चौकी की कार्य प्रणाली पर उठाए थे सवाल

# भाजपा नेता के आरोपों के बाद पुलिस ने चलाया सर्च अभियान



**फतेहाबाद।** गुरूनानकपुरा क्षेत्र में सर्च अभियान चलाती पुलिस टीम।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

भाजपा नेता भवानी सिंह द्वारा गुरुनानकपुरा मोहल्ले में नशा तस्करों पर नकेल कसने को लेकर गुरूनानकपुरा पुलिस चौकी की कार्यप्रणाली पर उठाए गए सवालों के बाद रविवार को पुलिस एक्शन में दिखी। पुलिस चौकी की टीम द्वारा गुरुनानकपुरा क्षेत्र में नशा तस्करी, अवैध गतिविधियों और अपराधों की रोकथाम को लेकर सघन सर्च अभियान चलाया गया। यह अभियान पुलिस चौकी गुरुनानकपुरा के प्रभारी उपनिरीक्षक रमेश के नेतृत्व में विशेष टीमों के सहयोग से अंजाम दिया गया। अभियान के दौरान गुरुनानकपुरा मोहल्ला क्षेत्र की चिन्हित गलियों, सार्वजनिक स्थानों, संदिग्ध ठिकानों और भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में गहन तलाशी ली गई। तलाशी अभियान के दौरान टीमों को क्या सफलता मिली, हालांकि पुलिस पीआरओ ने इसकी कोई जानकारी नहीं दी है।

पुलिस टीमों ने विशेष रूप से उन स्थानों पर निगरानी रखी, जहां नशीले पदार्थों की अवैध खरीद-फरोख्त की आशंका रहती है। संदिग्ध व्यक्तियों की पहचान कर उनसे पूछताछ की गई तथा उनकी गतिविधियों की जांच की गई। बिना कारण घूम रहे लोगों को सख्त हिदायत दी गई कि वे कानून व्यवस्था बनाए रखें, अन्यथा कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। सर्च अभियान के दौरान पुलिस ने स्थानीय निवासियों से संवाद स्थापित कर उन्हें नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक किया तथा अपील की कि यदि किसी भी प्रकार की नशा तस्करी, अवैध गतिविधि या संदिग्ध व्यक्ति की जानकारी मिले तो तुरंत पुलिस को सूचित करें।

#### नशा तस्करी की बढ़ती घटनाओं पर चिंता जताई

बता दें कि भाजपा नेता भवानी सिंह ने गुरूनानकपुरा क्षेत्र में नशा तस्करी की बढ़ती घटनाओं पर चिंता जताई थी। उनका कहना था कि गुरूनानकपुरा पुलिस चौकी इन तस्करों पर नकेल कसने में असफल रही है। पुलिस को तस्करों बारे जानकारी होने के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं की जाती। उनके द्वारा नशे के खिलाफ अभियान चलाने पर इस क्षेत्र में नशे का कारोबार करने वाली महिलाओं ने उनके घर जाकर परिवार को धमकाया। भवानी सिंह ने 10 जनवरी को गुरूनानकपुरा में नशा विरोधी यात्रा निकालने का भी ऐलान किया है।

#### जारी रहेगा अभियान

ऑपरेशन जीवन ज्योति का मुख्य उद्देश्य युवाओं को नशे से दूर रखना, नशा तस्करों पर शिकंजा कसना और क्षेत्र में शांति व सुरक्षा सुनिश्चित करना है। नशे से जुड़े किसी भी व्यक्ति के खिलाफ कानून के अनुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी। नशे के खिलाफ अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेगा और आमजन की सुरक्षा व स्वस्थ समाज निर्माण के लिए पुलिस पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है।

*-उपनिरीक्षक रमेश, गुरूनानकपुरा चौकी प्रभारी*

## खबर संक्षेप

### बार एसो. में सुखमनी साहिब का पाठ हुआ

**रतिया।** बार एसोसिएशन रतिया द्वारा बार रूम परिसर में सुखमनी साहिब का पाठ श्रद्धा एवं भक्ति भाव के साथ आयोजित किया गया। इस धार्मिक आयोजन में जिला एवं सत्र न्यायाधीश दीपक अग्रवाल, एसडीजेएम सलोनी गुप्ता, जेएमआईसी कुमारी ज्योति, बार एसोसिएशन फतेहाबाद प्रधान दिनेश गेरा तथा प्रधान बार एसोसिएशन टोहाना सुरेश गिल विशेष रूप से उपस्थित रहे। इस अवसर पर रतिया बार एसोसिएशन के प्रधान वेद कम्बोज, उप-प्रधान गगनदीप गिल, सचिव विक्रम कम्बोज, वित्त सचिव राधेश्याम मशाल, संयुक्त सचिव रविंदर सिंह खाई सहित रतिया के सभी अधिवक्ता, क्लर्क, डीड राइटर एवं अन्य सदस्यगण उपस्थित रहे। पाठ उपरांत गुरु का अटूट लंगर भी संगत में वितरित किया गया।

### नशा देकर गलत काम करने का आरोपी काबू

**फतेहाबाद।** एक महिला को नशा देकर गलत काम करने और जान से मारने की धमकी देने के मामले में कार्रवाई करते हुए थाना भूना पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी की पहचान यामिन पुत्र मांगेराम निवासी जांडली कलां के रूप में हुई है। थाना भूना के प्रभारी उप-निरीक्षक औमप्रकाश ने बताया कि इस बारे पीड़िता ने शिकायत में बताया था कि नामजद आरोपी ने उसके भरोसे का दुरुपयोग करते हुए उसे जबरदस्ती अपने साथ ले जाकर उसके साथ आपत्तिजनक काम किया और धमकाया। शिकायत के आधार पर थाना भूना में मामला दर्ज किया गया।

### रॉयल स्कूल में विदाई समारोह आयोजित

**फतेहाबाद।** गांव खाराखेड़ी के रॉयल इंटरनेशनल स्कूल में कक्षा बारहवीं के विद्यार्थियों को भावभीनी विदाई देने के लिए कक्षा ग्यारहवीं के विद्यार्थियों द्वारा एक भव्य विदाई समारोह का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम हर्षोल्लास और भावनात्मक वातावरण में संपन्न हुआ, जिसने उपस्थित सभी लोगों के लिए अविस्मरणीय यादें बना दीं। समारोह के दौरान विद्यार्थियों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां, मनोरंजक गतिविधियाँ एवं रोचक खेल प्रस्तुत किए गए। शिक्षकों ने अपने प्रेरणादायक संबोधनों के माध्यम से विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों की विशिष्ट प्रतिभा एवं व्यक्तित्व को सम्मानित करते हुए विशेष उपाधियां प्रदान की गई।

### हवन के साथ मनाया गया स्थापना दिवस

**टोहाना।** शहर के रेलवे रोड स्थित अग्रवाल भवन परिसर में स्थापना दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें शहर के गणमान्य लोगों ने भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान हवन का आयोजन किया गया जिसमे बाला जी मंदिर से पुजारी ने विधि विधान से मंत्र उच्चारण से पूजा करवाई। इस दौरान कमेटी प्रधान जगन्नाथ, संरक्षक दया प्रकाश, सचिव सुरेश सिंगला, उप प्रधान सुंदर लाल व कैशियर मि_न लाल विशेष रूप से पहुंचे। उन्होंने बताया कि 3 जनवरी को विद्यालय की स्थापना हुई थी। स्थापना के बाद से निरंतर अनेक वर्षों से हर क्षेत्र में अपनी विशिष्ट पहचान बनाते हुए प्रगति के पथ पर अग्रसर रहा है।

### साइबर फ्रॉड पीड़ित को वापस दिलवाई राशि

**फतेहाबाद।** भट्टूकलां पुलिस ने साइबर फ्रॉड के एक मामले में कार्रवाई करते हुए पीड़ित को 20 हजार 591/- की राशि उसके खाते में वापस दिलवाई है। थाना प्रभारी राधेश्याम ने बताया कि पवन कुमार पुत्र इंदराज निवासी बनमंदोरी के खाते से 20,591 रुपये की राशि साइबर धोखाधड़ी के माध्यम से निकाल ली गई थी। पीड़ित द्वारा थाना में शिकायत दर्ज करवाए जाने पर तुरंत संज्ञान लेते हुए संबंधित बैंक से समन्वय स्थापित किया गया तथा आवश्यक तकनीकी एवं कानूनी प्रक्रिया अपनाई गई। पुलिस की त्वरित कार्रवाई, बैंक स्तर पर समय रहते की गई रोक के बाद राशि वापस मिल सकी।

---

### जो बोले-सो निहाल के जयकारों के साथ शुरू हुआ कार्यक्रम

# रतिया व कमाना में प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में सिख संगत ने निकाला नगर कीर्तन

- संगत ने बाबा हरचरण सिंह आहलुपुर कमाने वाले को भी याद किया
- संगत द्वारा अनेकों पड़ाव में चाय का लंगर अटूट चलाया गया




रतिया। नगर कीर्तन में भाग लेते श्रद्धालु तथा नगर कीर्तन में गत्तका के करतब दिखाते हुए सदस्य। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रतिया

श्री गुरु गोबिंद सिंह जी के प्रकाश पर्व को समर्पित हर वर्ष की तरह गांव कमाना में संगत द्वारा भव्य नगर कीर्तन निकाला गया। गांव की संगत व क्षेत्र की संगत के सहयोग से गुरुद्वारा से रवाना होकर पांच प्यारों की अगुवाई में गलियों और मोहल्ले में जाकर गुरु इतिहास का प्रचार किया गया। पालकी साहिब व अन्य वाहनों को फूलों के साथ सजाया गया।

संत बाबा हरचरण सिंह आहलुपुर कमाने वाले को भी याद किया गया। संगत द्वारा अनेकों पड़ाव में चाय का लंगर अटूट चलाया गया। श्री गुरु गोबिंद सिंह गत्तका अखाड़ा पार्टी द्वारा शास्त्रों से जौहर दिखाए गए। रागी जत्थे द्वारा हर पड़ाव में गुरमत प्रचार किया गया। गुरुद्वारा साहिब में श्री गुरु गोबिंद सिंह जी के प्रकाश पर्व को समर्पित समागम में 2 जनवरी को श्री अखंड पाठ साहिब जी का प्रकाश किया गया था जिसका आज श्री भोग डाला गया।

इसके अलावा रतिया शहर के पुराना बाजार स्थित गुरुद्वारा साहिब से श्री गुरु गोबिंद सिंह जी के प्रकाशोत्सव के उपलक्ष्य शहर में नगर कीर्तन निकाला गया। नगर कीर्तन की अगुवाई गुरु के पांच प्यारों ने की। इस दौरान बोले सो निहाल के जयकारों से शहर का माहौल भक्तिमय हो गया। यह नगर कीर्तन पुराना बाजार के गुरुद्वारा श्री गुरु ग्रंथ साहिब से शुरू हुआ जो कि भगत सिंह चौक, गुरुद्वारा विश्वकर्मा साहिब, सरदूलगढ़ कैंचियां से टोहाना रोड सहित अनेक क्षेत्रों से होता हुआ गुरुद्वारा साहिब पहुंचा।

जहां पर अरदास कर नगर कीर्तन को समाप्त किया गया। नगर कीर्तन के दौरान गत्तका अखाड़ा पार्टी के सदस्यों द्वारा गत्तके के हैरतअंगेज करतब भी दिखाए। नगर कीर्तन के दौरान ढाडी जत्थों व रागी जत्थों द्वारा गुरुवाणी का प्रचार व प्रसार भी किया गया। सेवादारों ने बताया कि प्रतिवर्ष की इस वर्ष भी गुरु गोबिंद सिंह जी का प्रकाश दिहाड़ा मनाया जा रहा है। प्रकाश पर्व के संबंध में 5 जनवरी को श्री अखंड पाठ साहिब जी का भोग डाला जाएगा। उन्होंने बताया कि इस दौरान गुरु का अटूट लंगर भी चलाया जाएगा। इस मौके पर काफी संख्या संगत जुटी।

#### श्री अखंड पाठ साहिब का भोग डाला

*रतिया। शक्ति नगर में शक्ति नगर सेवा सोसयटी द्वारा नगर की सुख समृद्धि को लेकर रखे गए श्री अखंड पाठ का आज भोग डाला गया। इस दौरान ग्रंथी भाई द्वारा अरदास की गई। हर वर्ष की तरह ही शक्ति नगर सेवा सोसयटी द्वारा इस वर्ष भी नगर की सुख समृद्धि के लिए शक्ति नगर में आज श्री अखंड पाठ साहिब जी का प्रकाश किया गया था इसका आज भोग डाला गया। भोग उपरांत अटूट लगर भी चलाया गया इस अवसर पर पंजाबी सभा के प्रधान सतीश हांडा, नगर पालिका चेयरपर्सन प्रीति खन्ना, प्रमोद कक्कड़, बॉबी मिढा, रमेश जताना, सचिन ललित, हरबंस खन्ना, योगी सेठी, कालू खन्ना, मोंटी खन्ना, रोहित खन्ना, रजत चिलाना, हनी चिलाना, हिमांशु चावला,देस राज, राजू, कालू मेहता, विनोद डोडा, कृष्ण मिढा, नानक चंद, शंटी कक्कड़, धीरज तनेजा, राजेश सेतिया सहित अन्य शक्ति नगर निवासी व शहर वासी उपस्थित थे।*

---



भट्टूकलां। एनएसएस शिविर में योगाभ्यास करते विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

# शिविर में विद्यार्थियों को बताया योग का महत्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भट्टूकलां

**खास बातें**
- कार्यक्रम की अध्यक्षता रामभतेरी जी ने की
- शिविर का संचालन एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी मोहन कुमार द्वारा किया गया

रविवार को राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, भट्टूकलां में एनएसएस के विशेष शिविर के चौथे दिन की शुरुआत प्रार्थना सभा एवं एनएसएस गीत के साथ की गई।

इसके उपरांत जिला फतेहाबाद के मास्टर ट्रेनर राजेश बेनीवाल ने विद्यार्थियों को योग के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी तथा योगाभ्यास करवाया। विद्यार्थियों ने अत्यंत रुचि एवं उत्साह के साथ योगाभ्यास में भाग लिया।

सर्वप्रथम प्राणायाम का अभ्यास करवाया गया, तत्पश्चात विभिन्न योगासनों का अभ्यास कराया गया। प्रत्येक प्राणायाम एवं आसन के लाभों के बारे में विस्तार से बताया गया। इसके बाद विद्यार्थियों को स्वस्थ खान-पान के विषय में जागरूक किया गया। उन्हें अपने दैनिक भोजन में मौसमी फल एवं हरी सब्जियाँ जैसे सेब, मौसमी, किन्नू, पालक, बथुआ, गांदल, मूली, शलगम, गाजर, मेथी, आलू, करेला आदि शामिल करने के लिए प्रेरित किया गया।

साथ ही अधिक से अधिक मौसमी फल-सब्जियाँ, लस्सी, दही एवं अन्य तरल पदार्थों का सेवन करने पर बल दिया गया। डॉ. नवदीप जी ने विद्यार्थियों को नशा मुक्ति के विषय में विस्तार से जानकारी दी तथा उन्हें नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता रामभतेरी जी ने की। शिविर का संचालन एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी मोहन कुमार द्वारा किया गया। इस अवसर पर विद्यालय स्टाफ से लीलू राम, विनोद, सतीश, सुभाष, देवेंद्र, किरण एवं संजू भी उपस्थित रहे।

---

# योग व राष्ट्रीय गीत के साथ हुआ एनएसएस शिविर का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद



फतेहाबाद। गांव भिरड़ाना में आयोजित एनएसएस कैम्प में भाग लेते स्वयंसेवक। फोटो : हरिभूमि

गांव भिरड़ाना के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में चल रहे एनएसएस के सात दिवसीय विशेष शिविर के चौथे दिन का शुभारंभ योग, लक्ष्य गीत व राष्ट्रीय गीत के साथ हुआ। आज शिविर में मुख्य अतिथि के तौर पर सबसे पहले एसएसएस के डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर रोहतास कड़वासरा पहुंचे। स्वयंसेवकों ने मुख्य अतिथि का तिलक लगाकर स्वागत किया व टोकन आफ लव के तौर पर उन्हें एनएसएस का बैज पहनाया। रोहताश कड़वासरा ने स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए उनसे पांच शपथ दिलवाई। सबसे पहले की सभी बच्चे अपने फाइनल एग्जाम में 90 प्रतिशत से ऊपर अंक लाने का प्रयास करेंगे। अपने आप को हमेशा नशे से दूर रखेंगे। अपने माता-पिता वह गुरुजनों का हमेशा कहना मानेंगे और हर रोज 20 मिनट न्यूज पेपर जरूर पढ़ेंगे।

इसी बीच शिविर में जिला बाल संरक्षण अधिकारी सुरजीत बाजवा बतौर मुख्य वक्ता पहुंचे। उन्होंने स्वयंसेवकों के साथ अपने विचार साझा करते हुए बताया कि हर छोटी से छोटी बात अपने माता-पिता के साथ जरूर साझा करे। गुड टच और बेड टच के बारे में भी बच्चों को अवगत करवाया। बाल विवाह कानून और पोक्सो एक्ट के बारे में भी बच्चों को विस्तार से समझाया गया।

#### चाइल्ड मैरिज एक्ट के बारे में विस्तार से चर्चा की

शिविर में तीसरे सत्र में मुख्य वक्ता के तौर पर पहुंची जिला महिला व बाल विकास अधिकारी रेखा अग्रवाल ने बच्चों को संबोधित करते हुए चाइल्ड मैरिज एक्ट के बारे में विस्तार से चर्चा की और बताया कि आजादी के 78 वर्षों के बाद भी हमारे समाज में बाल विवाह जैसी कुरीतियों आज भी चल रही है। उनके प्रति हमें जागरूक होना बहुत जरूरी है। स्कूल के प्राचार्य कृष्ण कुमार ने आए हुए सभी अतिथियों का धन्यवाद किया। लंच के बाद बच्चो ने देश की पहली शिक्षिका व समाज सेविका ज्योतिबा फुले का जन्म दिवस मनाते हुए उनके संघर्ष को याद किया। इस अवसर पर सुरेश यादव, कपिल देव जांगड़ा, रिम्पी रानी, उषा देवी व ज्योति रानी भी उपस्थित रही।

---

# कांग्रेस और भाजपा से प्रदेश की जनता दु:खी, एक पार्टी की जनता ने दुकान बंद की : अभय चौटाला

### इनेलो राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक, पूर्व मंत्री सम्पत सिंह का किया गया अभिनन्दन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद।



फतेहाबाद। सम्मेलन में भाग लेते इनेलो नेता। फोटो : हरिभूमि

इंडियन नेशनल लोकदल की राष्ट्रीय, प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक रविवार को फतेहाबाद में सिरसा रोड स्थित सेतिया पैलेस में हुई। बैठक की अध्यक्षता इनेलो के राष्ट्रीय अध्यक्ष अभय चौटाला ने की वहीं विशेष तौर पर इनेलो संरक्षक प्रो. संपत सिंह, प्रदेश अध्यक्ष रामपाल माजरा, शेर सिंह बड़शामी, महिला प्रदेश प्रभारी सुनैना चौटाला, प्रकाश भारती, राष्ट्रीय प्रवक्ता उमेद लोहान, प्रदेश प्रधान महासचिव गौरव संपत सिंह, रानियां के विधायक अर्जुन चौटाला और डबवाली के विधायक आदित्य चौटाला, पूर्व विधायक समालखा भरत सिंह छोकर, पूर्व मंत्री वासुदेव शर्मा समेत कई वरिष्ठ नेता मौजूद रहे। बैठक में देश भर से इनेलो के राष्ट्रीय, प्रदेश, जिला व हलका स्तर के पदाधिकारी और कार्यकर्ता शामिल हुए। इस दौरान संगठन की मजबूती और आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा सांझा की गई इस मौके पर पार्टी के वरिष्ठ नेता मौजूद रहे।

#### नेता अपनी जेबें भर रहे

*अभय चौटाला ने कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार दोनों हाथों से लोगों को लूटने में लगी है। भाजपा के लोग जहां अवैध कालोनियां काटकर जेबें भर रहे हैं वहीं दीन दयाल उपाध्याय के नाम पर कालोनियां काटकर सस्ते प्लाट देने के नाम पर लाखों के प्लाट बेचकर लोगों को ठगा जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में तीसरी बार भाजपा सरकार बनाने में कांग्रेस का बड़ा हाथ रहा है। बापू-बेटे की जोड़ी ने इस सरकार को बनाने में पूरी भूमिका निभाई लेकिन अब इनके पाप का घड़ा भर चुका है और जमीन घोटाले में सुप्रीम कोर्ट ने भी संज्ञान लिया है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वह कड़ी मेहनत कर पुराने कार्यकर्ताओं को दोबारा पार्टी से जोड़े।*

#### ये बोले संपत सिंह

पूर्व मंत्री संपत सिंह ने कहा कि, मुझे पार्टी ने बड़ी जिम्मेदारी दी है। प्रदेशभर में कार्यकर्ता जहां बुलाएंगे, वहां जरूर जाएंगे। उन्होंने जेजेपी पर निशाना साधते हुए कहा कि मजदूरों के 1500 करोड़ रुपए खा गए। चौधरी देवीलाल के दिखाए रास्ते पर इनेलो चल रही है। इसको और मजबूत करेंगे। अर्जुन चौटाला ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश में बेरोजगारी चरम सीमा पर है। युवाओं का प्रदेश सरकार से मोह भंग हो चुका है। गरीबों को काम की गारंटी मनरेगा कानून को भाजपा सरकार ने खत्म कर दिया है जोकि गरीबों के साथ अन्याय है। बड़े स्तर पर लोगों की पेंशन काटी जा रही है। आदित्य देवीलाल चौटाला ने अपने भाषण में प्रदेश में बिगड़ती कानून व्यवस्था पर प्रस्ताव पेश किया।

---

#### पीएमश्री स्कूल में एनएसएस शिविर संपन्न



**ओढां।** पीएमश्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय पन्नीवाला मोटा में चल रहे सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना विशेष शिविर का रविवार को समापन हो गया। इस अवसर पर सरपंच प्रतिनिधि व समाजसेवी प्रदीप बैनीवाल मुख्यातिथि थे। स्वयंसेवकों ने पाक कला व भाषण प्रतियोगिता में भाग लिया। शिविर के दौरान सात दिन में समाज के प्रति विभिन्न विषयों पर जागरूकता कार्यक्रम जैसे साइबर क्राइम, सडक़ सुरक्षा आदि विषयों पर कार्यक्रम आयोजित किए गए। समापन समारोह में मुख्यातिथि प्रदीप बैनीवाल ने राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों की प्रशंसा की तथा भविष्य में इस प्रकार के आयोजन ग्राम स्तर पर करने के बारे में योजना बनाने की बात की। अंत में मुख्य अतिथि द्वारा प्रतिभागियों को स्मृति चिह्न प्रदान देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम अधिकारी शीशपाल गोदारा, दिव्या, सुरेंद्र भारी, सीएमसी प्रधान सूबेदार राजेंद्र कुमार, सह प्रभारी कमल जिंदल सहित अनेक स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।

#### नर्सिंग शिक्षक को हजारों की चपत

**फतेहाबाद।** साइबर ठगों ने एलआईसी की मैच्योरिटी राशि देने के नाम पर एक नर्सिंग ट्यूटर से हजारों रुपये हड़प लिए। महिला को जब अपने साथ हुए फ्रॉड का पता चला तो उसने इस बारे ऑनलाइन शिकायत दर्ज करवाई। अब इस मामले में साइबर थाना फतेहाबाद पुलिस ने केस दर्ज किया है।पुलिस को दी शिकायत में वंदना निवासी विशाल नगर, रोहतक ने कहा है कि वह अब शहीद उधम सिंह नर्सिंग कॉलेज, रतिया में रहती है और यहां नर्सिंग ट्यूटर के पद पर कार्यरत है। 1 जनवरी को सुबह उसके मोबाइल पर एक कॉल आई। फोन करने वाले ने बताया कि वह एलआईसी कम्पनी से बोल रहा है। उसके पिता कुलबीर सिंह की बीमा पॉलिसी मैच्योर हो चुकी है। फोन करने वाले ने उससे कहा कि उसके पिता ने बीमा पॉलिसी की पूरी मैच्योरिटी राशि उसके बैंक खाते में ट्रांसफर करने के लिए उसका फोन नंबर दिया है। वंदना के अनुसार फोन करने वाले ने कहा कि उसके पिता की एलआईसी की मैच्योरिटी राशि पाने के लिए उसे बताए गए निर्देशों का पालन करना होगा। वंदना के अनुसार उसने उक्त व्यक्ति की बातों पर विश्वास करके अपने पिता की एलआईसी की मैच्योरिटी राशि अपने बैंक खाते में ट्रांसफर करने के लिए हां कर दी। उसके बाद उन्होंने उसके दो ट्रांजेक्शन के माध्यम से उसके पास 40 रुपये भेजे। इसके बाद उसके नंबर पर कुल 95 हजार रुपये के मैसेज भेजे।

#### युवाओं से नशे से दूर रहने का आह्वान



**ओढां।** युवाओं को नशे की लत से बचाने और उन्हें सकारात्मक दिशा देने के उद्देश्य से पुलिस द्वारा एक सराहनीय पहल की जा रही है। इस पहल के तहत एसपीओ हरगोबिंद ने गांव घुकांवाली क्रिकेट प्रतियोगिता करवाई। उन्होंने युवाओं से कहा कि नशा न केवल शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाता है, बल्कि उनके भविष्य और परिवार को भी अंधकार की ओर ले जाता है। इसके विपरीत खेल न केवल अनुशासन, आत्मविश्वास और नेतृत्व क्षमता विकसित करते हैं, बल्कि युवाओं को स्वस्थ और सफल जीवन की ओर अग्रसर करते हैं। इस दौरान उन्होंने खिलाड़ियों के साथ संवाद कर उन्हें नशे से होने वाले दुष्परिणामों, खेलों के लाभ के बारे में भी जानकारी दी। साथ ही नशा पीड़ित युवाओं को उपचार, काउंसलिंग व पुनर्वास से जोडऩे के लिए पुलिस द्वारा उपलब्ध सहायता के बारे में भी अवगत कराया गया। पुलिस ने युवाओं से आह्वान किया कि वे अपने समय और ऊर्जा को खेल, शिक्षा और रचनात्मक गतिविधियों में लगाएं तथा नशे से दूरी बनाकर स्वयं के साथ-साथ समाज को भी सुरक्षित रखें।

#### साइबर ठगों ने खाते से निकाले 90 हजार


**फतेहाबाद।** साइबर ठगों ने टोहाना के एक चावल व्यापारी के खाते से 90 हजार रुपये निकाल लिए। व्यापारी के पास न कोई ओटीपी आया और न ही कोई कॉल, इसके बावजूद जब उसे पैसे निकलने का बैंक मैसेज मिला तो उसे अपने साथ धोखाधड़ी का पता चला। इस पर उसने इस बारे ऑनलाइन पोर्टल पर शिकायत दर्ज करवाई, जिसके बाद अब पुलिस ने केस दर्ज किया है। पुलिस को दी शिकायत में न्यू मॉडल टाऊन, टोहाना निवासी कपिल जैन ने कहा है कि वह राइस ट्रेडिंग का काम करता है। उसका आईसीआईसीआई बैंक में खाता है। कुछ दिन पहले उसके पास बैंक का टेक्सट मैसेज आया कि उसके खाते से 90 हजार रुपये की ट्रांजेक्शन हुई है। उसने मैसेज देखकर टोल फ्री नंबर पर फोन किया तो पता चला कि उसके खाते से 90 हजार रुपये कट गए हैं। उसने बैंक जाकर स्टेटमेंट निकलवाई तो पता चला कि अनजान व्यक्ति ने धोखाधड़ी कर उसके बैंक खाते से यह राशि निकाली गई है और उसे इस बारे में कोई जानकारी नहीं है। उसके पास न तो कोई ओटीपी आया और न ही कॉल आई। इसके बावजूद उसके खाते से पैसे कट गए। इस पर उसने इस बारे ऑनलाइन नेशनल साइबर क्राइम पोर्टल पर शिकायत दर्ज करवाई। अब इस मामले में साइबर थाना फतेहाबाद पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

---

### मुख्यमंत्री स्कूल सौंदर्यीकरण योजना में

# दूसरी बार प्रथम रहा कंवलगढ़ विद्यालय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रतिया



रतिया। राजकीय माध्यमिक विद्यालय, कंवलगढ़। फोटो : हरिभूमि

मुख्यमंत्री स्कूल सौंदर्यकरण योजना के अंतर्गत खण्ड रतिया में आयोजित खण्ड स्तरीय मूल्यांकन में राजकीय माध्यमिक विद्यालय, कंवलगढ़ ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए खण्ड स्तर पर दूसरी बार प्रथम स्थान प्राप्त किया है। यह उपलब्धि विद्यालय परिसर में किए गए सुनियोजित सौंदर्यकरण, स्वच्छ वातावरण, हरित परिसर, रंग-रोगन, कक्षा सज्जा एवं शैक्षणिक सुविधाओं के उन्नयन का परिणाम है। विद्यालय के मुख्याध्यापक सुभाष चंद्र भुक्कल ने स्कूल को मिली इस उपलब्धि का श्रेय शिक्षकगण, विद्यालय कार्मिकों, विद्यार्थियों एवं अभिभावकों के सामूहिक प्रयासों को दिया है। विद्यालय परिवार ने इस गौरवपूर्ण उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए शिक्षा विभाग एवं तथा भविष्य में भी विद्यालय को एक आदर्श शैक्षणिक संस्था के रूप में विकसित करने का संकल्प लिया। मुख्याध्यापक ने बताया कि विद्यालय की इस उपलब्धि के पीछे विद्यालय के मेहनती अध्यापक सुनील कुमार, राम शंकर, अमरजीत, अनिल व अन्य की मेहनत रही।

---

**बैठक** सदस्यता अभियान की शुरूआत, 5 को भट्टू में होगी जनरल बॉडी की मीटिंग

# किसानों की बिगड़ती आर्थिक स्थिति के लिए सरकार की नीतियां जिम्मेवार : विष्णुदत्त

- अखिल भारतीय किसान सभा की बैठक में मंथन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद



फतेहाबाद। गांव बड़ोपल में बैठक में भाग लेते किसान। फोटो : हरिभूमि

जलभराव से फसलों व ढाणियों को हुए नुकसान का मुआवजा व बीमा क्लेम के भुगतान की मांग को लेकर अखिल भारतीय किसान सभा की बैठक 5 जनवरी को दोपहर 12 बजे ताऊ देवीलाल पार्क, भट्टू मण्डी में होगी। बैठक में किसानों की मांगों पर चर्चा के बाद आगे के आंदोलन की रूपरेखा तैयार की जाएगी। यह जानकारी किसान सभा के जिला प्रधान विष्णुदत्त शर्मा ने की। वह आज गांव बड़ोपल व आसपास की ढाणियों के किसानों की जनरल बॉडी की मीटिंग को संबोधित कर रहे थे। मीटिंग की अध्यक्षता शंकर लाल ने की।

इस अवसर पर किसान सभा द्वारा बड़ोपल व ढाणियों में सदस्यता अभियान की भी शुरूआत की गई। सदस्यता अभियान को लेकर 25 सदस्यीय कमेटी का भी गठन किया गया। इसमें हंस राज गोदारा पंचायत मैम्बर को प्रधान, सतबीर सिंह कड़वासरा को सचिव, भगवान दास को सह सचिव, पवन गोदारा को कोषाध्यक्ष, सुन्दर सिंह, श्याम सुंदर, रामनिवास, कुलदीप गोदारा को उप प्रधान तथा रामधारी, विजेन्द्र कड़वासरा, रामधारी, सुशील कुमार, हवासिंह, राधेश्याम गोदारा, राम गोपाल, सलेन्दर, सुनील, राम निवास, सुभाष गोदारा, धर्मपाल, सिगा राम डूंगर, रामेश्वर ज्याणी, रमेश, अमनदीप को कमेटी सदस्य बनाया गया।

#### फसलों का नहीं मिल रहा मूल्य

बैठक को संबोधित करते हुए जिला प्रधान विष्णुदत्त ने कहा कि सरकार की उदासीनता और किसान विरोधी नीतियों की वजह से किसान और मजदूर कर्जे के बोझ तले दबता जा रहा है। न्यूनतम समर्थन मूल्य पर फसलों की खरीद का झूठा प्रचार किया जाता है लेकिन वास्तविकता इसकी उलट है। खेतों में प्राकृतिक आपदा से फसलें खराब हो रही है। रही सही कसर सरकार पूरी कर देती है। न तो किसानों को खराब फसलों का मुआवजा दिया जा रहा है और न ही फसलों के उचित भाव मिल पाते हैं। ऐसे में किसान की आर्थिक हालत लगातार बिगड़ती जा रही है। बीमा कंपनियों द्वारा क्लेम व जल भराव से हुए नुकसान का एक पैसा भी अभी तक किसानों के खातों नहीं डाला गया। उन्होंने सरकार से मांग की कि बड़ोपल के किसानों को वर्ष 2022 का लगभग 7 करोड़ के बकाया मुआवजे के अलावा वर्ष 2023, 24 व 25 में जलभराव से फसलों व ढाणियों को हुए नुकसान का मुआवजा तुरंत जारी किया जाए। टूटे हुए खालों की तुरंत मुरम्मत करवाई जाए। उन्होंने बताया कि 5 जनवरी को होने वाली बैठक में इन सब मुद्दों पर चर्चा के बाद आगामी आंदोलन का निर्णय लिया जाएगा।